वर्ष- 22 अंक - 20 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

## अन्नाद्रमुक के कई नेता टीवीके में होंगे शामिल

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक को बड़ा झटका देते हुए पार्टी के कई दिग्गज नेता टीवीके में शामिल होने जा रहे हैं। कम से कम 5 पूर्व मंत्री और 15 पूर्व विधायक समेत कई कार्यकर्ता आज टीवीके की सदस्यता ले सकते हैं।





## बम भोले की गूंज के साथ अमरनाथ यात्रा शुरू

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से आज सुबह 4 बजे अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना हुआ। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को रवाना किया। श्रद्धालु 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए। आज कुल 4,822 श्रद्धालु 259 वाहनों में सवार होकर अमरनाथ गुफा की ओर निकले। इस बार यात्रा के लिए बेहद कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। निगरानी के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 670 कंपनियां तैनात की गई हैं।



## कश्मीर, हिमाचल में फटे बादल

### मैदानी इलाकों मे मूसलाधार बारिश से आया सैलाब

**गुरुवार.एजेंसी।** मानसून के सक्रिय होते ही पहाड़ से मैदान तक बारिश का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में दो जगह और हिमाचल के लाहौल-स्पीति व चंबा में तीन जगह बादल फटने से तबाही का सैलाब आ गया। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के लिए हैली सेवा स्थगित करना पड़ी। इस बीच बिहार, झारखंड में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई इलाकों में कार व दोपहिया वाहन डूब गए। उत्तरप्रदेश के 25 शहरों में सड़कें लबालब भर गईं। रेलवे स्टेशन और पुलिस थाने में भी पानी भर गया। नवी मुंबई में बीच सड़क पर भरे पानी में करंट फैल गया। इस दौरान नेरुल के एलपी ब्रिज के नीचे से गुजर रहीं टू-व्हीलर सवार दो छात्राओं को करंट लग गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंबई में रेल सेवा भी प्रभावित हुई। करीब 45 पेड़ भी गिर गए। गुजरात के अमरेली जिले में भारी बारिश से राजुला तालुका की रायदी नदी में बाढ़ आ गई। इसकी चपेट में आईं महिलाओं को गांववालों ने बचाया, लेकिन 30 से ज्यादा बकरियां बह गईं।



## अरब सागर में अमेरिकी नौसेना के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, 1 लापता

**गुरुवार.एजेंसी।** अमेरिकी नौसेना के सीहॉक हेलिकॉप्टर ने अरब सागर में इमरजेंसी वॉटर लैंडिंग की। हेलिकॉप्टर में सवार चार क्रू मेंबर में से तीन को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक अब भी लापता है। उसकी तलाश में नौसेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। समुद्र के पानी में हेलिकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया।

## राम मंदिर में नौकरी के लिए कर्मचारियों ने दी रिश्वत

**अयोध्या.एजेंसी।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के बीच यह खुलासा हुआ है कि मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति भी रुपए लेकर की गई। जांच एजेंसियों को यह पता चला है कि 125 कर्मचारियों से रिश्वत लेकर उन्हें नौकरी दी गई। अब पुलिस चढ़ावा चोरी के साथ-साथ इस रिश्वतखोरी की भी जांच में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि नियुक्तियां किस प्रक्रिया के तहत हुई और किसके निर्देश पर हुई।

## तृणमूल का बागी गुट आज चुनाव आयोग से मिलेगा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस का बागी गुट आज नई दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलेगा। 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी को मान्यता देने की मांग करेगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को तृणमूल के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। इसके अलावा 15 जून को टीएमसी के 20 सांसदों ने भी पार्टी छोड़कर त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में विलय कर लिया था।

> **नई कार्यकारिणी को मान्यता देने की मांग**

## अब प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को भी जाना होगा जेल!

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पीएम-सीएम का जेल बिल भ्रष्टाचार-रोधी बिल की जांच कर रही एक संयुक्त संसदीय समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को कुछ बदलावों के साथ मंजूरी दे सकती है। इसे केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र में पेश कर सकती है। इस बिल में गंभीर आपराधिक आरोपों के तहत 30 दिनों तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को अपने आप ही पद से हटाए जाने और जेल भेजने का प्रावधान है।






# खराब सड़क पर विरोध हुआ तो आज डलेगी मुरम

## पार्षद के दावेदार ने कहा- मंत्री और पार्षद को फोन लगाया तो नहीं उठाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर विधानसभा के शहरी क्षेत्र वार्ड 35 के थाना लसूडिया के सामने एस आर कम्पाउण्ड है जहां लगभग बीस गलियाँ हैं और अधिकतर में घुटने घुटने तक पानी और कीचड भरा हुआ है। परेशान लोगों ने कामकाज बंद कर पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे को फोन लगाया तो वे एसआर कम्पाउण्ड जा पहुंचे। टोनेरे ने बताया कि इस क्षेत्र से लाखों रुपए टैक्स सरकार को जा रहा है और राजनेता भी चंदा और सहयोग ले रहे है लेकिन व्यापारी और जनता की परेशानी पर फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। टोनेरे ने कहा कि कल आते ही क्षेत्रीय विधायक और मंत्री तुलसीराम सिलावट और पार्षद राकेश सोलंकी को मौजूद जनता के सामने फोन लगाया तो दोनों ने फोन नहीं उठाए जबकि एक माह से यहां के व्यापारी और रहवासी परेशान है। शहरी क्षेत्र में निगम और झोन सुनवाई नहीं कर रहे है, 20 साल से सडक नहीं बनी है। ट्रांसपोर्टर परेशान है,

## आज काम नहीं तो आगे झोन घेरने की चेतावनी



गाडियों में नुकसान हो रहा है, कई बार गाडियां पलट जाती है, जब मंत्री और पार्षद ने फोन नहीं उठाया तो टोनेरे ने कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को फोन कर बुलवाया और झोन अधिकारी के अलावा अमृत योजना इंजार्च से भी जनता के बीच स्पीकर से बात करवाई। आज सुबह 11 बजे से मुरम डलवाने का आश्वासन दिया गया। पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे ने कहा कि अगर आज मुरम नहीं डली तो जनहित में जनता की परेशानी पर झोन कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



## काव्य दीप सम्मान समारोह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कवि डॉ. कुँअर बेचैन की जन्म जयंती पर मातृभाषा उन्नयन संस्थान व डॉ. कुँअर बेचैन स्मृति न्यास, ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागार में काव्य कुँअर व काव्य दीप सम्मान समारोह आयोजित हुआ। क़ार्यक्रम में अतिथि सांसद शंकर लालवानी, देवकृष्ण व्यास, हरीश फतेहचंदानी, अमर अक्षर अतिथि थे। स्वागत प्रदीप जोशी, नितेश गुप्ता, संजय त्रिपाठी, डॉ. संध्या सिलावट ने किया।

## भाजपा नेता धारकर को स्वर्णकार भारतीय संस्थान में जिम्मेदारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा एक से जुडे भाजपा नेता नितिन धारकर को स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान के प्रान्त म.प्र. के मालवा क्षेत्र का महासचिव मनोनीत किया। यह नियुक्ति जगन्नाथ नरहरि विस्पुते, योगेन्द्र कुमार, रवीन्द्र कुमार सर्राफ, शारदा शंकरसिंह की स्वीकृति से हुई है। कई भाजपा नेता और बांगडदा क्षेत्र के रहवासियों, वार्ड 16 के रहवासियों और समाजजनों ने भी बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री ने बस दुर्घटना पर दुःख जताया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान के दौसा में ऋषिकेश से इंदौर आ रही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से यात्रियों के निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद एवं ह्रदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर दुर्घटना में घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## पार्षद ने कराया सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा-4 के वार्ड क्रमांक 82, गुरुशंकर नगर में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। पार्षद नितिन शर्मा शानू ने बताया कि विधायक मालिनी गौड के मार्गदर्शन में यह सडक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। शानू शर्मा, संजय मोटवानी, अजय बड़जात्या, असीम माहेश्वरी, रणजीत सिंह राणा,वैभव उपाध्याय, उज्ज्वला मालवीय, क्षमा गुप्ता,निर्मला ओम ठाकुर, अनिता मुरझानी, रमेश यादव, अंकित दुबे, भारत प्रजापत, सतीश पालीवाल, प्रकाश दुबे, कमल नारंग, प्रदीप दुबे, जीतू चौहान, अनिल सहित अन्य मौजूद थे।



# विधायक के सामने निकली नाले से थार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कल पश्चिमी क्षेत्र में भी जमकर बरसात हुई। बरसात के बाद विधायक मालिनी गौड़ पानी वाले क्षेत्रों के भ्रमण पर निकली। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि स्कीम 71 के नाला में थार कार गिर गई हैं। तत्काल वे वहां पहुंचीं इस बीच गौड़ ने अधिकारियों को फोन कर गाड़ी निकलवाने से लेकर अन्य जगह पर भी जहां जलजमाव हो रहा था उसकी जानकारी दी। विधायक के फोन के बाद अधिकारी और टीम भी विधानसभा 4 के क्षेत्रों में पहुंची और नाले में गिरी थार कार को भी निकलवाया। इस दौरान भी मालिनी गौड़ वहीं खड़ी रहीं मालिनी गौड़



गिरते पानी में छाता लगाकर खड़ी रही। अधिकारियों को कहा गया कि नाले को ठीक करें, यहां विद्युत व्यवस्था भी ठीक करवाएं और नाला भी पैक करें। गौड़ ने स्कीम 71 के अलावा प्रजापत नगर, द्वारकापुरी, सुदामा नगर का भी दौरा किया। इन क्षेत्रों के पार्षद भी मौजूद रहे।

## महापौर ने दिए सतर्कता के निर्देश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल हुई करीब ढाई इंच वर्षा के दौरान अधिकारियों को फोन लगाए और जहां जलजमाव हो रहा था वहां अधिकारी मैदारी अमले के साथ पहुंचे और वहां मौजूद रहकर पानी कैसे बाहर निकले इसकी व्यवस्था देखें, पानी की स्थिति पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। जलभराव के कारण कई क्षेत्रों में जाम की स्थिति रही इसलिए वहां जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी भार्गव ने दिए थे। अधिकारियों से कहा गया था कि वे सफाई दल सहित अन्य साधन लेकर जलभराव वाली जगह पहुंचे। आमजन को किसी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए यह भी निर्देशित किया। उसके बाद निगम की ऑरेंज टीम भी अलर्ट मोड पर रहे।

# इन्दौर की उपेक्षा पर कांग्रेसियों की नाराजगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा सार्वजनिक रूप से यह कहना कि 'इंदौर की उपेक्षा से आहत हूं, ढाई वर्षों से केवल असहयोग, उपेक्षा और विरोध ही मिल रहा है' अत्यंत गंभीर विषय है। यदि प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री स्वयं अपने नगर के साथ हो रही उपेक्षा की बात सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं, तो यह केवल राजनीतिक मतभेद का विषय नहीं, बल्कि इंदौर की जनता के सम्मान और प्रदेश के सुशासन पर भी प्रश्नचिन्ह है। द्विवेदी ने कहा कि पत्र सार्वजनिक होने के बाद वरिष्ठ नेताओं का यह कहना कि 'यह पार्टी का आंतरिक विषय है, इसलिए उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है', जैसा कि समाचारों में उल्लेखित है, तो यह लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व की भावना के विपरीत है। विजयवर्गीय भी केवल पार्टी के नेता नहीं, बल्कि जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं मंत्री हैं। उनकी जवाबदेही सबसे पहले प्रदेश और जनता के प्रति है, न कि केवल पार्टी या शीर्ष नेतृत्व के प्रति। यदि वास्तव में इंदौर की उपेक्षा हो रही है, तो सरकार को इस पर स्पष्ट उत्तर देना चाहिए कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी और सबसे अधिक राजस्व देने वाले शहर के साथ भेदभाव क्यों हो रहा है। वहीं यदि ऐसी कोई उपेक्षा नहीं है, तो सरकार को तथ्यों सहित जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। किसी भी स्थिति में विषय को केवल 'आंतरिक मामला' बताकर टालना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। कांग्रेस चाहती है कि सरकार इन्दौर की उपेक्षा के आरोप पर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखें। प्रदेश में विकास कार्यों एवं बजट आवंटन का जिला-वार श्वेतपत्र जारी किया जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि कहीं किसी जिले के साथ भेदभाव तो नहीं हुआ। यदि प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री स्वयं उपेक्षा की बात कह रहे हैं, तो उसकी निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और इंदौर के विकास से जुड़े लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। कांग्रेस का मानना है कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को पार्टी की आंतरिक राजनीति के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश और अपने शहर के विकास के लिए चुना है। इसलिए जनता के हित से जुड़े किसी भी प्रश्न को 'आंतरिक मामला' कहकर टालना लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनादेश—दोनों का अपमान है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने दी है।

# भाजपा और कांग्रेस में अंदरूनी सबकुछ ठीक नहीं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश की भाजपा और कांग्रेस में इन दिनों राजनीति में उथल पुथल नजर आ रही है। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि दोनों ही दलों में अंदरूनी सतह पर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जहां कांग्रेस में स्लिपर सेल की बात चल रही है वहीं भाजपा में मंत्री की चिट्ठियां वायरल होने लगी है, दोनों पार्टी में अपने ही नेता अपने ही नेताओं पर प्रहार करने में लगे है। कांग्रेस में दिग्विजयसिंह के खिलाफ कांग्रेसी सामने आकर नहीं बोलते थे अब राज्यसभा में नहीं जाने के बाद दिग्विजयसिंह को खुलेआम कांग्रेसी कोसने लगे है। यहां तक कि कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का स्लिपर सेल भी दिग्गी को बता दिया। विदित है कि राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कहा था कि कांग्रेस में कुछ स्लिपर सेल है जो भाजपा से मिले हुए है और कांग्रेस संगठन की गतिविधियों की जानकारी भाजपा तक पहुंचाते है। दो दिन पहले तो कैलाश विजयवर्गीय की चिट्ठी एक अखबार के माध्यम से वायरल हुई और यह मुद्दा प्रदेश स्तर पर देखते-देखते चल पडा। इस मामले में कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव तक को राजनीतिक रूप से लपेटने की कोशिश की। कुल मिलाकर अभी जो स्थिति राजनीतिक रूप से चल रही है वह उथल-पुथल वाली है और खुलकर बयानबाजी भी दोनों ही पार्टियों में दिख रही है। संगठन का डंडा दोनों ही दल के नेताओं पर नहीं चल पा रहा है इससे बड़े नेताओं की बयानबाजी के बाद दोनों ही दल के नीचे के नेता हैरान परेशान नजर आ रहे हैं और संगठन की चिंता भी की जा रही है। दोनों ही दलों के प्रादेशिक नेता अपने अपने आलाकमान को इस पूरे मामले की जानकारी भी दे रहे हैं।

इधर, मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि - कांग्रेस नेताओं का दिग्विजय सिंह को 'स्लीपर सेल' कहना आंतरिक कलह का प्रमाण है। कांगेस की गुटबाजी पार्टी कार्यालय से निकलकर सड़कों पर दिखने लगी है । कांग्रेस वर्षों से बिना तथ्यों के झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करती रही है।

## स्कूलों को करना होंगे पौधारोपण आयोजन...

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय स्कूलों को 15 जुलाई तक पौधारोपण अभियान चलाना होगा। विद्यालय में 9वीं से 12वीं के छात्रों की संख्या क्या है और कुल शिक्षक और कर्मचारी कितने हैं उसी आधार पर पौधारोपण सार्वजनिक स्थल पर स्कूलों को करना होंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पत्र भी स्कूलों को जारी किया है। विद्यालय परिसर में जगह हो तो पहले वहां और नहीं तो सार्वजनिक जगहों पर यह पौधारोपण करना होंगे। साथ ही पौधारोपण पर 50 शब्दों में विवरण लिखकर भी भेजना होगा। सकी विस्तृत जानकारी सचित्र अपने अपने विकास खंड में देना होगी। यह पत्र इंदौर शहर के अलावा जिला और तहसील स्तर के स्कूलों को भी दिया गया है कि वे अपने विकास खंड के उत्कृष्ट विद्यालय में पौधारोपण की जानकारी जमा करे। इस मामले नोडल अधिकारी से स्कूल चर्चा भी कर सकते हैं।

## सायकल रैली को लेकर तैयारियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की रुचि के चलते इंदौर से भोपाल तक दो दिवसीय सायकल रैली का आयोजन 14 और 15 जुलाई को किया जाएगा। यह सायकल रैली सुबह 8 बजे इंदौर से शुरू होगी। जिला और शहर कांग्रेस को इसकी जिम्मेदारी देवास तक की दी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल तैयारियां कर रहे हैं। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल भी तैयारियों में जुटे है।

## जिला सेवादल की शपथ विधि में प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जिला सेवादल के नए जिलाध्यक्ष दिनेश सलवाड़िया को 4 जुलाई को गांधी भवन में शपथ दिलाई जाएगी। सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, विपिन वानखेडे, डॉ. दौलत पटेल और स्थानीय नेता मौजूद रहेंगे। दिनेश सलवाड़िया महू विधानसभा की सिमरोल के और पूर्व जिला सेवादल की कमान राकेश सिलावट के पास थी।

## पानी के संकट को लेकर धरना, कांग्रेसी भी हो गए शामिल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

वार्ड 18 में पेयजल संकट को लेकर रहवासियों ने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। पेयजल संकट के अलावा ड्रेनेज लाइन की दिक्कतों और खुदी हुई सड़कों की समस्या को लेकर महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन किया। खार्चा, भगत सिंह नगर, लोहार गली और भेरू बाबा मंदिर क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं प्रदर्शन में शामिल हुईं। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय परमार,



विमल श्रीवास्तव, हिमांशु कदम सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय रहवासी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि डेढ़ महीने पहले सड़क खोदने के बाद अब तक निर्माण पूरा नहीं किया गया, जिससे बारिश में हादसों का खतरा बढ़ गया है। साथ ही ड्रेनेज की सफाई नहीं होने और पेयजल संकट से लोग लंबे समय से परेशान हैं। सूचना मिलने पर नगर निगम के इंजीनियर पलाश पंडित मौके पर पहुंचे, उन्होंने लोगों से चर्चा कर समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद महिलाओं ने धरना समाप्त कर दिया।

## भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन होगा



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने 5 जुलाई की शाम 4 बजे बाबाश्री गार्डन एयरपोर्ट रोड पर होने वाले जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए बैठक कल बुलाई थी, सम्मेलन बूथ समितियों और मंडल स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस बैठक में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम से बूथ स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास होने की बात भी सुमित मिश्रा ने बताई। साथ ही सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाये कार्यकर्ता। कामकाजी बैठक भी इसी में की गई। भूपेंद्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, रूपाली अरुण पेंडारकर, मंजू ठाकुर, इंदू श्रीवास्तव, पूजा पाटीदार, रितेश शर्मा, वरुण पाल, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नीदरलैंड के अधिकारियों ने विकास पर की चर्चा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीदरलैंड के काउंसलिंग जनरल अधिकारी मुंबई से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास नंदानगर पहुंचे। वहां उन्होंने विकास को लेकर चर्चा की। नबील ताउआती, के साथ कौस्तुभ परिहार, प्रसाद परते के बीच चर्चा भी हुई। मंत्री की मौजूदगी में शहरी विकास, कृषि, निवेश तथा आपसी सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। विजयवर्गीय ने कहा कि यह संवाद भारत और नीदरलैंड के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों तथा सहयोग को और अधिक सशक्त करेगा।



## विजयवर्गीय का बड़ा पौधारोपण अभियान को लेकर बैठक




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी बड़ा पौधारोपण अभियान जन आंदोलन के रूप में चलाना चाहते हैं। पिछली बार भी विजयवर्गीय ने रेवती रेंज पर 12 लाख पेड़ लगाने का सफल अभियान चलाया था, जो वृक्ष बनकर लहलहा रहे हैं। पेड़ लगाओ, पानी बचाओ के साथ कीर्तिमान रचने का काम आगामी दिनों किया जाना है। गत 12 लाख पौधा-पेड लगाने के लक्ष्य के सामने 21 लाख पेड़-पौधा लगाने को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक की हवा अलग ही रूप में उड़ी थी। कुछ जनप्रतिनिधि पहुंचे तो कुछ नदारत रहे वह भी चर्चा में बना।

## भाजपाइयों ने किया पौधारोपण, गौशाला और मंदिर में भी सेवाकार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय सनावदिया में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी का जन्म दिन उनके समर्थकों द्वारा मनाते हुए विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भेंट की और पौधारोपण करने के लिए गौशाला में गायों को पेटपूजा भी करवाई। देवगुराड़िया गुटकेश्वर मंदिर में भी पूजा अर्चन का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुनील पुरोहित सुमित गर्ग राहुल प्रजापत सुदीप पाठक श्रीचंद पाल सुरेश पाल  यशवंत सिंह चोहान आदि उपस्थित रहे।



# जल जमाव के बाद सुबह से निगम वॉटर हार्वेस्टिंग में लगा

## आयुक्त ने अधिकारियों के साथ किया विभिन्न स्थानों का दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कल हुई 2 इंच की बारिश में शहर की सड़कों में हुए जल जमाव के बाद इंदौर नगर निगम आज सुबह से वाटर हार्वेस्टिंग के कामकाज में लग गया है। निगम आयुक्त ने अपने साथी अधिकारियों के साथ वाटर हार्वेस्टिंग के लिए विभिन्न स्थानों का दौरा किया।**



नगर निगम द्वारा मानसून शुरू होने के पहले से यह दावा किया जा रहा था कि जिन स्थानों पर पानी का जमाव होता है उन स्थानों पर हमारे द्वारा बेहतर व्यवस्था कर दी गई है। इस बार इन स्थानों पर पानी का जमाव नहीं होगा। निगम के इस दावे के अनुसार जब कल 2 इंच बारिश हो जाने के बाद देखा गया तो सबसे बड़ा फेरबदल बीआरटीएस के कॉरिडोर में नजर आया। इस कॉरिडोर में हमेशा खूब पानी भर जाता था। इस बार कॉरिडोर तोड़ दिया गया है तो इस मार्ग पर जल के जमाव की स्थिति पहले के जैसी नहीं बनी। पानी तो भरा लेकिन थोड़ी ही देर में इस पानी की निकासी भी हो गई। इसी तरह गिटार चौराहा और विजयनगर चौराहा पर भी पहले जैसा पानी नहीं भराया।

इसके साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में स्थिति पहले जैसी ही खराब बनी रही। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले फूटी कोठी चौराहे से लेकर उसके आसपास के पूरे क्षेत्र में पानी का जमाव वैसा ही हुआ जैसा पिछले सालों में होता रहा है। यह स्थिति केवल फूटी कोठी क्षेत्र की ही नहीं थी बल्कि शहर के दूसरे क्षेत्रों में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। नगर निगम के द्वारा अपनी ऑरेंज टीम को मैदान में उतरने और उनके माध्यम से पानी की निकासी को सुनिश्चित करने का दावा किया गया। यह दावा करते हुए निगम के अधिकारियों को यह सूचना चाहिए कि जब पानी भर जाता है तब आरेंज टीम मैदान में उतरकर पानी निकाल रही है तो पहले से पानी के निकल जाने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

शहर के कई क्षेत्र के नागरिक जल जमाव की स्थिति के कारण परेशान थे तो शहर के मुख्य मार्ग पर से गुजरने वाले लोग पानी जमा हो जाने के कारण यातायात में पैदा हो रही बाधा के कारण परेशान थे। इस सारी स्थिति के बीच आज सुबह से नगर निगम के सारे अधिकारी वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने के लिए मैदान में निकल गए हैं। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहां पर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए किए गए अथवा किया जा रहे कामों का जायजा लिया गया। इसके अलावा निगम के जोनल कार्यालय के अधिकारी भी वाटर हार्वेस्टिंग पर ही जोर देने में लगे रहे। अब ऐसे में यह सोचा जाना चाहिए कि पहले जल जमाव की स्थिति से मुक्ति जरूरी है या वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी है। निश्चित तौर पर भूजल की बेहतर स्थिति के लिए वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी है लेकिन तात्कालिक समाधान के लिए जल जमाव पर काम किया जाना चाहिए।

# बारिश नहीं थमती तो और बिगड़ जाते शहर के हालात

## ढाई इंच बरसात ने उजागर कर दी शहर की व्यवस्थाओं की हकीकत





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कल शाम को मानसून में पहली जोरदार बारिश शहर में हुई है। करीब ढाई इंच बरसात ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। सडकें तालाब बन गई और वाहनो के चक्के जाम हो गए। बारिश अगर नहीं थमती तो हालात और बिगड़ जाते।**

महज ढाई इंच बारिश ने शहर में विकास कार्यों की असली तस्वीर सामने पेश कर दी। निगम के मानसून की तैयारियों के दावे धरे रह गए। स्ट्राम वाटर लाइन कहां और कैसे डली है यह चर्चा का विषय बन गया है। पॉश कालोनियों से लेकर बस्ती तक लगभग एक जैसे हालात बन गए। दो पहिया वाहन कई क्षेत्रों में तेज बहाव के बीच बहने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। सोशल मीडिया पर कटाक्ष भी किए जा रहे है। अगर बारिश नहीं थमती तो हालात और बिगड जाते।

# आफत की बारिश.. पिता को खाना देने निकला युवक नाले में बहा, सुबह मिला शव



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर में बुधवार शाम से शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौर रात होते-होते आफत में बदल गया। मूसलाधार बारिश के चलते शहर के कई रिहायशी इलाकों और सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। वहीं कुछ क्षेत्रों से लोगों के पानी के तेज बहाव में बहने की दुखद सूचनाएं सामने आईं। लसूडिया क्षेत्र में रात को नाले के पास से गुजरने के दौरान एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया, जिसका शव सुबह बरामद हुआ। वहीं अहीरखेड़ी क्षेत्र में भी रपट पार करते समय एक अन्य युवक दोस्त सहित बह गया, जिसकी तलाश में रेस्क्यू टीमें जुटी हुई हैं।

लसूडिया पुलिस के अनुसार, पहली घटना लसूडिया मोरी इलाके की है। यहां रहने वाले 34 वर्षीय युवक गोलू पिता आत्माराम पंवार की पानी में बहने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात करीब 9 बजे जब तेज बारिश हो रही थी तभी गोलू अपने पिता आत्माराम को खाना देने के लिए घर से निकला था। खाना देकर लौटते समय वह नाले के किनारे वाले रास्ते से गुजर रहा था, लेकिन बारिश के कारण नाला उफान पर था और पानी सड़क तक आ गया था। पैर फिसलने या पानी का तेज बहाव होने के चलते गोलू सीधे नाले में बह गया। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने नाले के आसपास उसकी खोजबीन शुरू की। रातभर चले ढूंढने के प्रयास के बाद,आज सुबह रेस्क्यू टीम और पुलिस को सफलता मिली। गोलू का शव पुल के पास कचरे और मलबे में फंसा हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया है।

**रपट पार करते समय दोस्त बच निकला, महेश का सुराग नहीं-** इधर पानी के रौद्र रूप की दूसरी डराने वाली घटना अहीरखेड़ी इलाके में सामने आई। यहां रहने वाला युवक महेश चौहान अपने दोस्त मनीष के साथ पुलिया से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुलिया के ऊपर से पानी के तेज बहाव में पार करने के प्रयास में दोनों दोस्त पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और बहने लगे। हादसे के दौरान मनीष ने जैसे-तैसे हिम्मत दिखाई और तैरकर या किसी चीज का सहारा लेकर पानी से बाहर सुरक्षित निकल आया लेकिन महेश पानी की तेज धाराओं के बीच आंखों से ओझल हो गया और गहरे पानी में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुँची। बुधवार रात से शुरू हुआ सर्चिंग ऑपरेशन आज सुबह भी लगातार जारी रहा। रेस्क्यू टीम नाव और लाइफ जैकेट की मदद से आसपास के पूरे जलभराव वाले इलाके को खंगाल रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक महेश का कोई सुराग नहीं लग पाया था।

# दुकान खाली करवाने पहुंचे युवकों से दुकानदारों की हुई कहासुनी

## सीतलामाता बाजार के भंडारी मार्केट का मामला, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज सुबह सीतलामाता बाजार के भंडारी मार्केट पर कुछ युवक दुकानें खाली करवाने के लिए पहुंच गए। इस बात की जानकारी जब यहां के 28 दुकानदारों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे, इसके बाद यहां विवाद की स्थिति बन गई। सराफा पुलिस को मामले में हस्तक्षेप करना पडा।

सीतलामाता बाजार स्थित भंडारी मार्केट में 28 दुकानें किराये पर संचालित हो रही है। कई वर्षो पुराने किरायेदार दुकानों का संचालन कर रहे है।दुकानकारों का कहना है कि उन्होने यहां पगडी देकर कम किराये पर दुकान ली थी। दुकानदार विरल गांधी ने बताया कि मार्केट की मालकिन से किरायेदारों का दुकान खाली करवाने को लेकर मामला चल रहा है। आज सुबह कुछ युवक दुकान खाली कराने पहुंचे थे। हालांकि हम लोग इस मामले में न्यायालय गए थे जहां से हमें स्टे आर्डर मिला है। दुकानदारों ने स्टे आर्डर की कापी भी मार्केट पर लगा रखी है। गांधी ने बताया कि आज सुबह 7 बजे सूचना मिली कि कुछ युवक दुकान खाली करवाने के लिए पहुंचे है। इन युवकों का कहना था कि उक्त प्राप्र्टी हमारी है। वहीं दुकानदारों ने स्टे होने की बात कही तो विवाद की स्थिति बन गई। सराफा पुलिस मौके पर पहुंची। दुकानदारों का आरोप है कि युवकों ने मार्केट में ताला लगा दिया है। दुकानदारों का कहना है कि अब वे शिकायत भी दर्ज करवाएंगे।





# बारिश के मौसम में शहर में पानी का संकट

## 32 टंकी रही खाली तो 27 में भराया कम पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**बारिश के इस मौसम में जब कल ही इंदौर में करीब ढाई इंच बारिश हुई है तब आज शहर में पानी का संकट है। शहर में आज पानी की 32 टंकी खाली रही है जबकि 27 टंकी में कम पानी भराया है।**

नगर निगम के पेयजल योजना के अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा तृतीय चरण के सभी पंप कल रात्रि 08:40 पर 132 - भकलाय ग्रिड पर विद्युत प्रदाय बाधित होने के कारण बंद हो गये थे। जो सुधार कार्य पूर्ण होने के उपरान्त आज प्रातः 4 बजे चालू किये गये। नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी पंप रात्रि 9 बजे इलेक्ट्रिकल फाल्ट होने के कारण बंद हो गये थे जो सुधार कार्य पूर्ण होने के उपरान्त पुनः रात्रि 11:15 पर चालू किये गये। नर्मदा पेयजल योजना के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के पंप बंद होने के कारण आज शहर में पानी संकट की स्थिति पैदा हो गई। कहीं पर टंकी खाली रही तो कहीं पर टंकी में कम पानी भर सका। निगम के द्वारा दावा किया गया है कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या रहेगी वहां पर टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

### खाली रही टंकी

मा विहार कॉलोनी, बिलावली, भंवरकुआ , ख़ातीवाला टैंक, स्नेह नगर, गाड़ी अड्डा, सी पी शेखर नगर , एम वाय, पी डब्ल्यू डी, यशवंत क्लब , तुकोगंज, कॉटन अड्डा, भागीरथपुरा, अम्बेडकर नगर, नंदा नगर रोड न 13, बर्फ़ानी धाम, महालक्ष्मी नगर, स्कीम नं. 54, स्कीम नं. 74, स्कीम नं. 114 पार्ट 2, नानक नगर, स्कीम नं. 94, मुसाखेड़ी, टूटी प्रेस, शिव नगर, महावीर नगर, हवा बंगला, विदुर नगर, ग्रेटर वैशाली, स्कीम न 71, प्रगति नगर? व लोहा मंडी की टंकी पूरी तरह खाली रही। इसके कारण इन टंकी से जिन क्षेत्रों में पानी का सप्लाई किया जाता है उन क्षेत्रों में आज सप्लाई नहीं हो सकेगा।

### कम भरी टंकी

अन्नपूर्णा, छत्रीबाग़, सदर बाजार, सुभाष चौक, मल्हार आश्रम, गांधी हाल, द्रविड़ नगर, अगरबत्ती काम्प्लेक्स, टीगरिया बादशाह, नरवल, बजरंग नगर, नंदा नगर ओल्ड, सुखलिया, वीणा नगर, बुद्ध नगर, रेती मंडी, चन्दन नगर, ईंट भट्टा, नगीन नगर, कृषि नगर, स्कीम नं. 134, समर पार्क, स्कीम नं. 114 पार्ट 1, स्कीम नं. 78 पार्ट 1, स्कीम नं.136 पार्ट 1, स्कीम नं. 113, राजीव आवास योजना कम पानी भरा जा सका जिसके कारण इनके सप्लाई के क्षेत्र में या तो नल में पानी नहीं आया या फिर कम समय तक कम दबाव से पानी आया।



## निगम ने किया डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम ने अटल सभागृह मुख्यालय पर डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर डॉक्टर और चार्टेड अकाउंटेंट का सम्मान किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, यशनेश देसाई, राजेश उदावत सहित अन्य मौजूद थे।

## रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शहर में जल संरक्षण एवं भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे विभिन्न रेनवॉटर हार्वेस्टिंग क़ार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्याम नगर एनएक्स-ए, अरविंदो हॉस्पिटल परिसर, रेवती रेंज, बरदारी तथा कुमड़ी काकड़ क्षेत्र में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं अनुपयोगी बोरवेल के माध्यम से वर्षा जल के पुनर्भरण (रीचार्ज) के लिए किए गए कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में उपलब्ध प्रत्येक रेनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु के दौरान अधिकतम मात्रा में वर्षा जल का संचयन एवं भूजल पुनर्भरण हो सके। उन्होंने नई तकनीकी का उपयोग करने और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के समय उसमें पानी आने की चेनल का निरंतर ध्यान रखने, समय समय पर उसकी साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

## निगम के 535 विनियमित कर्मचारियों को स्थाई कर्मी के समान वेतन

### आयुक्त ने जारी किया आदेश, कर्मचारियों में खुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के 535 विनियमित कर्मचारियों को अब स्थाई कर्मचारियों के समान वेतन मिल सकेगा। इसके लिए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा कल आदेश जारी कर दिए गए। इस आदेश से कर्मचारियों में खुशी का वातावरण है।**

निगम के कर्मचारी संगठनों के द्वारा काफी समय से यह मांग उठाई जा रही थी कि नियमित कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारियों के समान वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाए। नगर निगम के द्वारा इस मांग पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण यह मामला कोर्ट तक भी गया था। पिछले कुछ महीनो से नगर निगम के द्वारा विनियमित कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारियों के समान सुविधा देने के लिए हर कर्मचारी का उसके शिक्षण और अन्य नियम के हिसाब से परीक्षण किया जा रहा था। इस परीक्षण के बाद सूची का प्रकाशन और उस पर दावे आपत्ति लेकर उसका निराकरण करने के बाद निगम आयुक्त के द्वारा कल 535 कर्मचारियों के आदेश जारी किए।

### कैसे हुआ यह आदेश...

- ये मामला 2015 से चल रहा था। इंदौर संभाग मस्टर कर्मचारी यूनियन ने औद्योगिक न्यायाधिकरण में केस किया था।
- 31/01/2023 को न्यायाधिकरण ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला दिया था।
- नगर निगम इंदौर हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक गया, लेकिन 20/01/2026 को सुप्रीम कोर्ट ने भी कर्मचारियों के हक में आदेश दिया गया।
- छंटनी कैसे हुई - 1391 से 535 कैसे बने।
- कुल 1391 विनियमित कर्मचारी थे।
- 7 सदस्यों की कमेटी ने सबकी सर्विस बुक और दस्तावेज चेक किए।
- फिर 5 सदस्यों की उच्चस्तरीय समिति बनी।
- फाइनल में 535 कर्मचारी ही पात्र मिले जिनकी शैक्षणिक योग्यता श्इ राजपत्र 15 जुलाई 2015 की अनुसूची-दो के अनुसार थी।
- यानी 10वीं/हाई स्कूल/12वीं पास होना जरूरी था।

### अब क्या फायदा मिलेगा इन 535 को

- चतुर्थ श्रेणी स्थायी कर्मचारी के बराबर बेसिक वेतनमान।
- 7 दिन का आकस्मिक अवकाश हर साल।
- 15 दिन का सवैतनिक अवकाश हर साल।
- बाकी भत्ते और सुविधाएं भी स्थायी कर्मचारियों जैसी
- अब विभाग इन्हें चतुर्थ श्रेणी में संविलियन का अलग से आदेश निकालेगा और एरियर भी बन सकता है।

# निजी पानी के टैंकरों के बिल लेखा विभाग में पहुंचने लगे, इस वर्ष 15 से 18 करोड़ होगा अनुमानित खर्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**जल संकट से निपटने के लिए निगम ने लगाए थे 650 निजी पानी के टैंकर**

नगर निगम के इतिहास में सबसे अधिक इस वर्ष गर्मियों के दौरान जल संकट से निपटने के लिए निजी पानी के टैंकर लगाए गए। लगभग 650 पानी के टैंकरों से पूरे शहर में सप्लाई की गई और अंतिम जून माह में यह संख्या 700 के करीब हो गई थी। ऐसी स्थिति में पहली बार नगर निगम को 10 से 15 करोड रुपए केवल पानी के टैंकरों का किराया भुगतान करना होगा इसके अलावा ईंधन खर्च मिला लिया जाए तो यह करीब 18 करोड़ हो जाएगा इस भारी भरकम राशि के बिल अब नगर निगम में लगना शुरू हो चुके हैं और इसके भुगतान के लिए ठेकेदारों ने तकादे लगाना शुरू भी कर दिया है। टैंकर के भारी भरकम बिल को देखकर नगर निगम के अवसरों के हाथ-पैर फूलने लगे हैं क्योंकि भुगतान के लिए राशि जुटाना मुश्किल होगा इसीलिए नगर निगम अग्रिम कर भुगतान के लिए लोगों से लगातार अपील कर रहा था। फिलहाल अग्रिम कर की राशि का आकलन किया जा रहा है, 30 जून 2026 अग्रिम कर जमा करने की अंतिम तारीख थी, ऐसे में देखना है कि निगम के पास यह राशि कितनी पहुंचती है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि 65 से 70 करोड रुपए अग्रिम कर के रूप में निगम को मिल सकते हैं।

नगर निगम का निजी टैंकरों से जल वितरण हमेशा से ही विवादों और आरोपों के घेरे में रहता है। इस वर्ष भी निजी टैंकरों से पानी बेचे जाने के आरोप पार्षद और टैंकर ठेकेदारों पर लगे हैं इसमें कई ठेकेदार जांच की घेरे में है नगर निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक ने स्पष्ट किया है कि केवल उन टैंकरों को भुगतान किया जाएगा जिनके लॉग बुक पूरी तरह से मेंटेन की गई है, जिसमें इंजीनियर, पार्षद टैंकर संचालक और जिसके यहां पानी डाला गया है उसके हस्ताक्षर होंगे उसी को पूर्ण भुगतान किया जाएगा। लेखा विभाग में टैंकर ठेकेदारों द्वारा बिल लगना शुरू कर दिए गए हैं इसकी जांच और स्वीकृति के लिए नर्मदा जल यंत्रालय में भेजे जा रहे हैं इसके लिए सभी जोन के इंजीनियरों से बिलों पर अप्रूवल लेने का काम किया जा रहा है सभी की लाग बुक जमा करवाई जा रही है मार्च और अप्रैल माह के लिए प्रक्रिया पारदर्शी प्रक्रिया अपनी जाएगी। वर्तमान में 5 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है बोरिंग में पानी आना शुरू हो चुका है, जल्द ही पानी के टैंकरों की संख्या कम कर दी जाएगी। डिमांड में भी धीरे-धीरे कमी आने लगी है।

वहीं लेखा विभाग के अनुसार बिलों की राशि का भुगतान एक निश्चित मात्रा में राशि रिलीज करके टुकड़ों में होगा। नगर निगम आयुक्त द्वारा इसके लिए प्लानिंग की जा रही है उनके दिशा निर्देश अनुसार ही आगे काम किया जाएगा। दूसरी ओर निजी टैंकर संचालक भुगतान जल्द होने की मांग कर रहे हैं, उनका कहना है कि इस वर्ष गर्मियों के दौरान डीजल के भाव में भी वृद्धि हो गई थी ऐसे में टैंकर का संचालन करना। हमारे लिए काफी मुश्किल था। सभी खर्च निकाल कर कोई लाभ इसमें नहीं हुआ गाड़ियों का मेंटेनेंस तक भी नहीं निकल रहा है। डीजल के बढ़े हुए भावों ने कमर तोड़कर रख दी थी टैंकर बंद करने की नौबत आ रही थी लेकिन निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद टैंकरों का संचालन जारी रखा गया साथ ही शहर हित में आम नागरिकों को संकट का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए जैसे-तैसे व्यवस्था बनाए रखी है। ड्राइवरो का वेतन हमें देना डीजल की उधारी नहीं होती। निगम को भुगतान प्रक्रिया तेज करनी चाहिए ताकि यह सिस्टम बना रहे। वर्तमान में भी टैंकर दौड़ रहे हैं।

## विकास परिषद में जैन अध्यक्ष




**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** भारत विकास परिषद् सेवा न्यास के निर्वाचन में अजय जैन अध्यक्ष, ब्रजेश नीमा सचिव, मुकेश जैन कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए। पवन जैन बागड़िया को भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अरविंद बंडी, रजनीश चोरड़िया, निषिध चौधरी, किशोर कोठारी, संजय मेहता, अनिल अग्रवाल एवं अनूप न्यासी मनोनीत किए गए हैं।

# सामाजिक और राजनैतिक लोगों का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। पिछडे-दलित और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता करने वाले सामाजिक और राजनीतिक लोगों के सम्मान का आयोजन भी किया। यादव के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। सदाशिव यादव काका, हुकमचंद जादम सैनी, फादर पायस, विनोद यादव, डॉ. सरदारसिंह कायस, कैलाशचंद्र बिजाले, सुरेश प्रजापत, रमेशचंद्र आसिरवाल, शफी शेख, देवेंद्र बिरगड़े, यतींद्र चौहान, बद्रीलाल साहू, हेमंत यादव, सतीश, दीपक, पप्पू साहू, राहुल धीमान, राहुल यादव, कुणाल दुबे एवं प्रवेश चौरसिया उपस्थित रहे।



## प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि महू में प्रभाकर शुक्ला प्रभारी प्राचार्य की सेवानिवृत्ति पर संस्था द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आरएस नग्रेश, अर्चना शुक्ला, डॉ. नेनू शर्मा, शशांक शर्मा,ऋषि शुक्ला,प्रमोद कुमार शुक्ला, सुनील जोशी और एडवोकेट आशीष कानूनगो, सुरेश उजले, तनुजा होल्कर, सुन्दरलाल गाडगे, दिनेश परमार, सुशीला माने, मधुबाला वर्मा, सुरेन्द्र मेहरा, मीनाक्षी सूत्रकार, आशा अड़गले मौजूद थे।

## पुलिस ने ढूंढे 15 मोबाइल वापस लौटाए



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पुलिस ने 15 मोबाइल ढूंढ निकाले जिसकी कीमत करीब तीन लाख 60 हजार रुपए है। इन गुमशुदा मोबाइल को पुलिस ने अलग अलग प्रदेशों के शहरों से बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में अधिकारी विजय चौधरी ने थाना प्रभारी संजय दूधी को इस मामले में दिशा निर्देश दिए थे और दूधी ने अलग अलग स्पेशल टीम कार्य के लिए लगाई थी। 15 मोबाइल अलग अलग स्थानों पर चालू मिले जिन्हें जब्त कराया गया और जब मोबाइल वापस किए तो मोबाइल धारकों ने पुलिस को साधुवाद दिया।



## सेनानी एवंम उत्तराअधिकारी संयुक्त संगठन का आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्य प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराअधिकारी संयुक्त संगठन के तत्वाधान में परंपरागत माह की पहली तारीख पर राष्ट्रीय वंदना, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का गायन राजबाड़ा पर मां अहिल्या के पूजन के बाद किया गया। अजयनारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, मोहन चौहान, विकास जोशी, सुधा भंडारी, पुष्पा जोशी, कनुप्रिया सत्तन, मनोहरसिंह तोमर, अंकित आचार्य, सोनू शर्मा, विजय सोनी, विजय पुणेकर सहित अन्य मौजूद थे।

# टाल से लेकर सेंट्रल बैंक तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**लंबे समय से आधी अधूरी सड़क की बजाय अब शुरू होगा नई सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य**

विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत निगम द्वारा पप्पू भाटिया की लकड़ी की टाल से लेकर मेन रोड पर सेंट्रल बैंक तक सालों पुरानी आधी अधूरी सड़क की जगह अब नई सीमेंट सड़क निर्माण की तैयारी है। जिससे मिल क्षेत्र के मुख्य मार्ग के बड़े हिस्से से लेकर भीतर तक नहीं सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है जिसके तहत निगम यहां करीब 28 लख रुपए के आसपास खर्च कर बड़े हिस्से में नई सीमेंट सड़क का निर्माण करेगा जिससे क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों को इस सड़क के बनने से बड़ा फायदा होगा।

**टाल के आसपास की गलियों के लोग लंबे समय से कर रहे थे। सड़क बनाने की मांग-** यही नहीं वार्ड 47 से जुड़े मालवा मिल क्षेत्र में शेल्बी हॉस्पिटल के पास मैन रोड़ पर लकड़ी की टाल के पीछे और आसपास की गलियों से जुड़ी एक साइड की सड़क और आसपास की गलियों में कई जगह से आधी अधूरी सड़क को सुधार कर इसको एक जैसा समतल कर इसका लेबल सुधार के लिए यहां करीब 28 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का काम शुरू करना था। जिसको लेकर पिछले दिनों निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है वहीं अब कहा जा रहा है कि अगले माह में बेहद जल्द यहां निगम द्वारा काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रा के लिए 8 जुलाई को इंदौर से निकलेगा बोलबम ग्रुप का जत्था

### 100 से ज्यादा यात्री बालटाल और पहलगाम के रास्ते होंगे रवाना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए इंदौर से 8 जुलाई को बोल बम ग्रुप के 100 से ज्यादा लोगों का जत्था रवाना होगा। जिसमें इस बार 15 साल के बच्चे से लेकर 68 साल के बुजुर्ग और बड़ी संख्या में महिलाएं भी यात्रा के लिए निकलेगी। सभी यात्रियों में अमरनाथ यात्रा को लेकर बेहद उत्साह है। खासकर पहली बार जाने वाली महिलाओ और बच्चों को सबसे ज्यादा उत्साह है।**

गौरतलब है कि बोल बम ग्रुप द्वारा विगत 25 साल से पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए हर साल जत्था रवाना किया जाता है। जिसमें अलग-अलग ग्रुप में डेढ़ सौ से 200 लोग यात्रा के लिए रवाना होते हैं। वही ग्रुप के सदस्य अमरनाथ यात्रा में पहलगाम मार्ग पर लगने वाले भंडारों में भी सहयोग प्रदान करते हैं। यात्रा में आने और जाने के दौरान ग्रुप के सदस्य लंगर और भंडारे में अपना पूर्ण सहयोग देते है। इस बार यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक यात्रा करने के लिए बहुत उत्साहित है। बोल बम ग्रुप के हरीश यादव ने बताया वैष्णो देवी माता के दर्शन के साथ अन्य मंदिरों के दर्शन और पवित्र अमरनाथ यात्रा सभी के साथ उत्साहपूर्वक पूरी की जाएगी जिसमें हरीश यादव, अजीत चौहान, अनिल यादव, अजय सिलावट, राकेश सिलावट युवराज राजोरिया,गुरुदत्त यादव, प्रदीप यादव, कैलाश सुरज्ञा, नीरज यादव, मनोज ओझा सहित अन्य यात्री शामिल रहेंगे।



# अंतरराज्यीय बस टर्मिनल जल्द होगा शुरू

### वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लगभग 123 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके संचालन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है और इसे अति शीघ्र आमजन के लिए प्रारंभ किया जाएगा। इसी सिलसिले में इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कुमेड़ी स्थित श्री टंट्या मामा भील अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित जिला प्रशासन, इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## माझी समाज ने किया पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निषाद वंशीय आदिवासी भोई कहार माझी समाज अहिल्या पलटन क्षेत्र इन्दौर उज्जैन संभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। वीरों को शहादत पर याद भी किया गया। गणेश प्रसाद रायकवार, सुभाष रायकवार, मोहन रायकवार, सुनील रायकवार, आनंद कुमार रायकवार,जीवन रायकवार, विनोद डारिया, मनोज गौड़, विजय रायकवार,आलोक लाखन पहलवान,मोनू रायकवार, शैलू रायकवार, सचिन रायकवार, संदीप रायकवार, श्याम प्रेमराज रायकवार, संजय गड़कर, रितेश अन्नू वर्मा, मयंक श्याम रायकवार, अड्डू डारिया, पुलो दादा मौजूद थे।

## शर्मा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा को केंद्र की मोदी सरकार के केबिनेट मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन की राष्ट्रीय इकाई के अध्यक्ष अरुण कुमार ने करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा है।



## डॉक्टर्स डे पर पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** डॉक्टर्स डे पर ट्रेफिक गार्डन रेसीडेंसी क्षेत्र में पौधारोपण का आयोजन किया गया। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुरुषोत्तम वाघमारे, प्रवीण जोशी, परेश जोशी, डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, डॉ अमित गांधी, इंदरसिंह ठाकुर, संजय चौहान नारायण पड़ोल, बी. एस. भदोरिया, प्रवीण श्रीवास्तव, डीएम सक्सेना, पन्नालाल मेहरा, आनंद अरोड़ा, वीके सिंह, अनिल शर्मा महेश अग्रवाल, कृष्ण गोपाल अग्रवाल,ओपी कोटिया,श्रीमती चित्रा इंगले, मधुसूदन अग्रवाल, बबन यादव मौजूद थे।



## सामूहिक विवाह को लेकर बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गुरव समाज पंचायत, पश्चिम क्षेत्र द्वारा बसंत पंचमी पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

## बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** कोरोना काल में संकट की घड़ी में चिकित्सक ही समर्पण, सेवा भावना के साथ नजर आए थे और कल डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान इसीलिए किया गया कि उनके समर्पण और सेवा को याद रखना चाहिए। इसी कड़ी में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने चिकित्सकों का सम्मान किया। बैंक अंचल प्रमुख संजीव कुमार तिवारी के निर्देशन में 14 जिले की सभी शाखाओं द्वारा बैंक से जुड़े डॉक्टर ग्राहकगण तथा आसपास सेवाएं दे रहे चिकित्सकों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनका सम्मान करने का गौरव प्राप्त हुआ।



डॉ. विनोद भंडारी, डॉ. प्रदीप गुप्ता, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. मानसी चौधरी, डॉ. पीयूष पहाड़िया का सम्मान किया गया। इस दौरान बैंक के निलेश वाघमारे, राकेश जैन विनायका, प्रफुल्ल श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।



## जोशी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विकास जोशी संयुक्त संचालक विधि प्रकोष्ठ संभाग इंदौर के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान किया गया। अनिता चौहान, सोहनलाल परमार, शौर्य मल्होत्रा, किरण बाला चौहान, केएस डावर, मीनल अवास्या, नीतू डोंगरे, हेमंत वर्मा, एमएस निगवाल, योगेंद्र गीते, श्री चांदेर, जीडी अग्रवाल, सपना भदौरिया, ललित पारीख, नितिन शर्मा, केके आर्य, श्री गोहिल, राजेश जोशी, नरेंद्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## आचार्य परीक्षा में शर्मा को जगह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देपालपुर के ईशान शर्मा ने आचार्य एम.ए. परीक्षा में मध्यप्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## सांची पार्लर का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव द्वारा इंदौर प्रीमियर कोऑपरेटिव बैंक की राऊ शाखा से संबद्ध राऊ सेवा सहकारी समिति में स्थापित सांची पार्लर का शुभारंभ किया गया। मनोज जायसवाल, गणेश यादव, आलोक कुमार जैन, सुरेश भंडारी, मंजू चौहान, प्रदीप नागर सहित अन्य मौजूद थे।

## संभागायुक्त ने पौधे रोपे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अपने जन्म दिवस पर संभागायुक्त परिसर स्थित अशोक वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। अधिकारी तरुण भटनागर, शिवानी वर्मा, सपना लोवंशी, पुरुषोत्तम पाटीदार, शशिकला विष्ट,रश्मि पाठक, इमरान, नीरज शर्मा, हृदेश विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## 450 नागरिकों ने लिया अंगदान का संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मिताशा फाउंडेशन एवं डायोसिस ऑफ इंदौर के संयुक्त नेतृत्व में, केरल समाजम, रोटरी क्लब ऑफ इंदौर आदर्श एवं एसवीडी सोसायटी के सहयोग से आयोजित 'संकल्प एक लाख अंगदान से जीवनदान' जनजागरूकता कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता और मानव सेवा का प्रेरक स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम में लगभग 450 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए



अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों, शिक्षाविदों, धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



## 'बोसः द बिगेस्ट कवर अप एवर' का प्रीमियर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस अकादमी, इंदौर में बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बोसः द बिगेस्ट कवर अप एवर' का भव्य प्रीमियर आयोजित किया गया। देशभक्ति और इतिहास के एक अनछुए अध्याय पर आधारित इस फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के अनेक महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग आईपीएस अकादमी के हरित एवं वास्तुशिल्पीय रूप से समृद्ध परिसर में की गई है।

## जनपद पंचायत में विकास कार्यों की समीक्षा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जनपद पंचायत इंदौर की पंचायत कार्यालय में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनपद अध्यक्ष कान्हा पटेल ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

# यहां जीवन में सिर्फ एक बार नहाती हैं महिलाएं

**भीषण** गर्मी में जहां हम दिन में कई बार नहाते हैं, वहीं नामीबिया की 'हिम्बा जनजाति' (Himba Tribe) की महिलाएं पूरी जिंदगी पानी की एक बूंद छुए बिना बिता देती हैं। रेगिस्तान में पानी की भयंकर किल्लत के कारण यहां महिलाओं के लिए पानी से नहाना वर्जित है। उन्हें जीवन में सिर्फ एक बार नहाने की अनुमति है। वहीं, यहां के पुरुषों के लिए नियम थोड़े अलग हैं। आइए जानते हैं पुरुषों के नहाने का सच और बिना पानी इस जनजाति के शरीर को साफ रखने का अनोखा वैज्ञानिक रहस्य क्या है...

## कहां रहती है यह अनोखी हिम्बा जनजाति?

हिम्बा जनजाति मुख्य रूप से नामीबिया के काओकोलैंड क्षेत्र में निवास करती है। करीब 25000 लोगों आबादी वाली ये जनजाति बहुत ही अद्भुत है। यह इलाका बेहद गर्म, शुष्क और पथरीला रेगिस्तानी क्षेत्र माना जाता है। यहां पानी की इतनी भयंकर कमी रहती है कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। ऐसी स्थिति में यहां के लोग पानी को सोने से भी ज्यादा कीमती मानते हैं। पानी का उपयोग केवल पीने और अपने पशुओं को जीवित रखने के लिए किया जाता है। यही कारण है कि इस जनजाति ने जीवित रहने और खुद को साफ रखने के लिए पानी का विकल्प तलाश लिया।

## जिंदगी में सिर्फ एक बार ही क्यों नहाती हैं?

ऐसा माना जाता है कि हिंबा जनजाति की महिलाएं जीवन में सिर्फ एक बार पानी से नहाती हैं और वो खास मौका होता है उनकी शादी का। शादी के पवित्र संस्कार के दौरान उन्हें पारंपरिक रूप से पानी से स्नान कराया जाता है। इसके अलावा आम दिनों में उनके लिए पानी का इस्तेमाल करना पूरी तरह वर्जित होता है। वो अपने आपको साफ रखने के लिए धूंए वाले स्नान का सहारा लेती हैं।

## क्या हिंबा जनजाति के पुरुष नहाते हैं?

अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि अगर महिलाओं के नहाने पर पाबंदी है, तो पुरुषों का क्या नियम है? आपको बता दें कि हिंबा जनजाति के पुरुष पानी से नहा सकते हैं। उन पर महिलाओं की तरह पानी न छूने का कोई कड़ा नियम या धार्मिक प्रतिबंध नहीं होता है। भले ही पुरुषों को नहाने की अनुमति है, लेकिन नामीबिया के इस क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत के कारण, यहां के पुरुष भी अक्सर पानी से नहाने से बचते हैं। वे भी खुद को साफ, फ्रेश और बैक्टीरिया-मुक्त रखने के लिए अक्सर विशेष जड़ी-बूटियों के 'धुएं के स्नान' का ही सहारा लेते हैं।



## क्या है 'स्मोक बाथ'? यही है उनकी सफाई और खुशबू का असली रहस्य

जब महिला-पुरुष पानी का इस्तेमाल नहीं करते, तो वे साफ कैसे रहते हैं? इसका जवाब है स्मोक बाथ यानी धुएं से स्नान करना। हर सुबह हिम्बा लोग पानी की जगह धुएं से नहाते हैं। वो लोग सबसे पहले एक छोटे बर्तन में कुछ खास सुगंधित लकड़ियां, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और प्राकृतिक पौधों की पत्तियों को जलाते हैं। जब उससे गाढ़ा और सुगंधित धुआं निकलने लगता है, तो महिलाएं और पुरुष उस बर्तन के ऊपर झुककर या बैठकर पूरे शरीर को कपड़े से ढक लेते हैं और इस धुएं से उनके शरीर में जमा पसीना और गंदगी पूरी तरह साफ हो जाती है।

## क्या है स्मोक बाथ का वैज्ञानिक फायदा

यह स्मोक बाथ केवल एक परंपरा नहीं है। इस धुएं में इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटियां प्राकृतिक कीटाणुनाशक होती हैं। यह शरीर के बैक्टीरिया को मारती हैं, पसीने को नियंत्रित करती हैं और त्वचा को संक्रमण से बचाती हैं। यही वजह है कि बिना पानी के भी उनका शरीर हमेशा फ्रेश रहता है।

## ओटजाइज लेप को लगाती हैं हिम्बा महिलाएं

धुएं से स्नान करने के बाद हिम्बा महिलाएं अपने पूरे शरीर और बालों पर एक खास पारंपरिक लेप लगाती हैं, जिसे 'ओटजाइज' कहा जाता है। यह लेप मुख्य रूप से तीन चीजों को मिलाकर तैयार किया जाता है-

**लाल मिट्टी**
धूप में सुखाकर दूध से बना खास मक्खन
जानवरों की चर्बी (फैट)

यह लेप केवल एक मेकअप नहीं है, बल्कि इस रेगिस्तानी इलाके में जीवित रहने का एक सुरक्षा कवच है। इसके कई बेहतरीन फायदे हैं जिनके बारे में आप भी जान लीजिए।

**कड़कती धूप से बचाव:** यह लेप त्वचा पर एक मोटी परत बना देता है, जो सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा की रक्षा करती है। **मच्छरों और कीड़ों से सुरक्षा:** रेगिस्तान में जहरीले कीड़ों और मच्छरों के काटने से बचने में यह लेप मदद करता है। **त्वचा की नमी:** मक्खन और फैट की वजह से भीषण गर्मी में भी उनकी त्वचा में नमी बनी रहती है और वह कभी रूखी नहीं होती।

## हिम्बा महिलाएं क्यों दिखती हैं लाल रंग की?

ओटजाइज लेप में इस्तेमाल होने वाली लाल मिट्टी के कारण हिम्बा महिलाओं की पूरी त्वचा और उनके बाल गहरे लाल या तांबे जैसे रंग के दिखाई देते हैं। यह लाल रंग हिम्बा संस्कृति में 'धरती के रंग' और 'रक्त (जीवन)' का प्रतीक माना जाता है। उनकी यह अनोखी बनावट और लाल रंग का रूप दुनियाभर के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स और पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

## हेयरस्टाइल से पता चलती है सामाजिक स्थिति

हिम्बा जनजाति की पहचान सिर्फ उनकी लाल त्वचा से नहीं, बल्कि उनकी बेहद जटिल और सुंदर हेयरस्टाइल से भी होती है। बालों को गूंथकर उन पर भी ओटजाइज लेप लगाया जाता है। खास बात यह है कि इनकी चोटी देखकर आप इनकी सामाजिक स्थिति का पता लगा सकते हैं। **छोटी लड़कियां:** अपने बालों की दो चोटियां बनाकर आगे चेहरे की तरफ लटकाती हैं।

**अविवाहित युवतियां:** उनकी चोटी का स्टाइल अलग और खुला होता है। **शादीशुदा महिलाएं:** वे सिर के पीछे कई लंबी लाल चोटियां रखती हैं और सिर पर चमड़े का एक खास मुकुट पहनती हैं।

# फिटकरी से झुर्रियां और मुंहासे जड़ से हो जाएंगे गायब

**महंगे** ब्यूटी प्रोडक्ट्स और फेशियल पर हजारों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं। आपकी रसोई में रखी मामूली सी फिटकरी त्वचा के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सही तरीके से इस्तेमाल करने पर यह मुंहासों, झुर्रियों और ढीली पड़ती स्किन की समस्या को कम करने में मदद कर सकती है। आइए आज जानते हैं कि सिर्फ 5 रुपये की फिटकरी से कैसे आप पा सकते हैं पार्लर जैसा ग्लो वो भी मिनटों में। फिटकरी में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और कसैले (ग्हाहू) गुण त्वचा की गंदगी, अतिरिक्त तेल और मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करते हैं। नियमित और सही तरीके से इस्तेमाल करने पर चेहरा साफ, फ्रेश और चमकदार दिख सकता है।



फिटकरी त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे मुंहासों की समस्या घट सकती है। इसके अलावा यह त्वचा को साफ रखकर पिंपल्स के निशानों और दाग-धब्बों को हल्का करने में भी सहायक मानी जाती है। फिटकरी एक प्राकृतिक स्किन टाइटनर की तरह काम करती है। इसे चेहरे पर लगाने से त्वचा में अस्थायी कसाव महसूस हो सकता है, जिससे चेहरा अधिक टोन और फ्रेश नजर आता है।

फिटकरी का फेस पैक बनाने का सही तरीका

एक चुटकी फिटकरी पाउडर में गुलाब जल या पानी मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे पर 5-10 मिनट लगाकर रखें और फिर सामान्य पानी से धो लें। जरूरत से ज्यादा मात्रा का इस्तेमाल करने से बचें।

## कितनी बार लगानी चाहिए?

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार घरेलू उपाय के रूप में फिटकरी का इस्तेमाल सप्ताह में 1-2 बार से ज्यादा नहीं करना चाहिए। अधिक उपयोग त्वचा को रूखा और संवेदनशील बना सकता है।

ऑयली स्किन वाले लोगों को इससे ज्यादा फायदा मिल सकता है, लेकिन ड्राई और सेंसिटिव स्किन वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। पहली बार इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना जरूरी है। फिटकरी को सीधे चेहरे पर रगड़ने से बचें। रोजाना इस्तेमाल न करें। आंखों के आसपास न लगाएं। जलन या खुजली होने पर तुरंत धो लें।

खुले घाव या कट पर लगाने से बचें।

फिटकरी के नुकसान क्या हो सकते हैं?

**नोट:** हालांकि फिटकरी त्वचा के लिए फायदेमंद मानी जाती है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से स्किन ड्राई होना, लालिमा, जलन और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसका उपयोग सीमित मात्रा में और सावधानी के साथ करना चाहिए।

# हिचकियां रोकने के आसान उपाय

**अक्सर** हमें हिचकी आने लगती है जिसकी वजह से कई बार बहुत दिक्कत हो जाती है। हालांकि हिचकी आना एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, लेकिन अगर यह बार-बार या लंबे समय तक बनी रहे तो यह किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकती है। आमतौर पर जल्दी-जल्दी खाना, मसालेदार भोजन, ज्यादा ठंडा या गर्म पेय और तनाव इसकी वजह बनते हैं। आइए जानते हैं हिचकी क्यों आती है, इसे तुरंत रोकने के आसान उपाय क्या हैं और कब डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी हो जाता है।



हिचकी तब आती है जब डायफ्राम यानी सांस लेने में मदद करने वाली मांसपेशी अचानक सिकुड़ जाती है। इसके कारण स्वरयंत्र की डोरियां तेजी से बंद हो जाती हैं और 'हिक' जैसी आवाज निकलती है।

**हिचकी आते ही करें ये 5 आसान काम, मिल सकती है तुरंत राहत-** 1. अगर हिचकी रुक नहीं रही तो तुरंत पानी पिएं लेकिन धीरे-धीरे

2. बहुत ज्यादा हिचकी आ रही हो तो उसे रोकने के लिए कुछ सेंकड के लिए सांस रोकें।

3. हिचकी ने परेशान कर दिया है तो गहरी-गहरी सांस लें।

4. हिचकी को रोकने के लिए आपको तुरंत कुछ मीठा खाना चाहिए।

5. हिचकी को रोकने का एक और आसान उपाय है कि आप तुरंत ठंडा पानी पिएं।

कौन-सी आदतें बढ़ा सकती हैं हिचकी की समस्या?

वैसे तो कभी-कभी हिचकी आना आम बात है बता दें कि कई बार बहुत तेजी से खाना खाने, ज्यादा मसालेदार भोजन खाने, कार्बोनेटेड ड्रिंक पीने, शराब का सेवन करने और धूम्रपान और तनाव जैसी आदतें हिचकी की समस्या को बढ़ा सकती हैं।

## बार-बार हिचकी आना किन बीमारियों का संकेत हो सकता है?

अगर कभी-कभी हिचकी आए तो घबराने की कोई बात नहीं है लेकिन ये समस्या लगातार बनी रहे तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। एक्सपर्ट के अनुसार, अगर हिचकी लंबे समय तक बनी रहे, तो यह एसिड रिफ्लक्स (उँऊँ), पेट की समस्या, तंत्रिका तंत्र की गड़बड़ी, डायबिटीज या कुछ अन्य गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकती है।

## कब हिचकी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए?

यदि हिचकी 48 घंटे से अधिक समय तक रहे, बार-बार आए या इसके साथ सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। धीरे-धीरे भोजन करें, ज्यादा मसालेदार और तैलीय चीजों से बचें, पर्याप्त पानी पिएं, तनाव कम रखें और धूम्रपान व शराब से दूरी बनाकर हिचकी की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## संपादकीय

### 500 करोड़ के घोटाले ने खोली भ्रष्टाचार की परतें, IAS अधिकारी की गिरफ्तारी से उजागर हुई बड़ी चूक

सरकारी विभागों में कई ऐसे मामले होते हैं, जो कभी पकड़ में ही नहीं आते या फिर उन्हें जानबूझकर दबा दिया जाता है। जो मामले सामने आते हैं, उनमें भी ज्यादातर का खुलासा तब होता है, जब करोड़ों रुपये इधर से उधर कर दिए जाते हैं। भ्रष्टाचार एक ऐसी दीमक है, जो किसी भी देश की प्रगति, अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को अंदर से खोखला कर देती है। व्यवस्था में यह रोग न केवल आम जनता के विश्वास को तोड़ता है, बल्कि विकास के अवसरों को सीमित कर समाज में असमानता की खाई को और गहरा कर देता है। देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का भरोसा दिलाते हैं, मगर सत्ता में आने के बाद उनकी नाक के नीचे करोड़ों रुपये के घोटालों की जमीन तैयार हो जाती है। इसका ताजा उदाहरण हरियाणा में करीब पांच सौ करोड़ रुपये का वह घोटाला है, जिसमें संलिप्तता के आरोप में बीते मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन गिरफ्तार किया है। जाहिर है कि यह वित्तीय हेराफेरी एक-दो दिन या फिर सप्ताह भर में तो नहीं हुई होगी। ऐसे में सवाल है कि शासन-प्रशासन में उच्च पदों पर बैठे लोगों और सतर्कता एजेंसियों को इसकी भनक पहले क्यों नहीं लगी? देश में वित्तीय गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाए गए हैं। इसके बावजूद अगर भ्रष्टाचार का सिलसिला थम नहीं रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सरकारी विभागों में कई ऐसे मामले होते हैं, जो कभी पकड़ में ही नहीं आते या फिर उन्हें जानबूझकर दबा दिया जाता है। जो मामले सामने आते हैं, उनमें भी ज्यादातर का खुलासा तब होता है, जब करोड़ों रुपये इधर से उधर कर दिए जाते हैं। हरियाणा में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में भी यही हुआ। गिरफ्तार किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रहते हुए करीब 169 करोड़ रुपये का गबन किया है। इस मामले में दो बैंक अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पता चलता है कि वित्तीय हेराफेरी को अंजाम देने के लिए साठगांठ के जरिए किस तरह एक तंत्र खड़ा कर दिया जाता है। जांच में सामने आया है कि संबंधित महकमे के जो करोड़ों रुपये बैंक खाते में भेजे गए, बाद में उन्हें फर्जी तरीके से निकाल लिया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही का किस कदर अभाव है।

# इंदौर-मुंबई हाईवे पर संकट, अजनार ब्रिज गिरने की आशंका के बाद मरम्मत शुरू

## भेरू घाट पर लगा भीषण जाम,दो पिलरों के बीच दरार आने से थमी रफ्तार

**इंदौर।** देहात इलाके के थाना मानपुर भेरू घाट क्षेत्र में स्थित अजनार ब्रिज पर बुधवार को अचानक यातायात प्रभावित हो गया। दरअसल, ब्रिज के गिरने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए अजनार ब्रिज पर 'डिफेंसर जॉइंट' का मेंटेनेंस कार्य शुरू करवाया। दो पिलरों के बीच के जॉइंट को वेल्ड किया गया है, जिस पर फिलहाल ज्यादा वजन नहीं दिया जा सकता। इस जॉइंट में पूर्व में ही दरार आ चुकी थी, जिससे खतरा बढ़ गया था।

कार्य प्रारंभ करते ही मौके पर भारी डायवर्शन बल तैनात कर दिया गया था। मुंबई से इंदौर आने वाली सिंगल लाइन को तो चालू रखा गया, लेकिन इंदौर से मुंबई जाने वाले मार्ग को सिंगल लाइन डायवर्शन के तहत बेहद धीमी गति से निकाला गया। क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश और कट-पॉइंट ज्यादा होने की वजह से कई बसें और कारें रॉन्ग साइड से आने लगीं, जिसके कारण हाईवे पर अचानक गाड़ियों का लोड बढ़ गया और जाम की स्थिति निर्मित हो गई।यातायात के दबाव को कम करने के लिए पुलिस ने तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों के रूट डायवर्ट किए हैं। धामनोद धार फाटे से ट्रैफिक को धार की तरफ डायवर्ट किया गया है। किशनगंज में पीथमपुर चौपाटी से भारी वाहनों को धार की ओर मोड़ा गया है।भेरू घाट पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस और क्रेन की व्यवस्था पहले से ही तैनात की गई है। जाम को साफ कराने और व्यवस्था बनाने के लिए एनएचएआई के टोल मैनेजमेंट का 15 लोगों का स्टाफ, नगर सुरक्षा समिति के 06 सदस्य, मानपुर थाने के दो सहायक उपनिरीक्षक, 06 आरक्षक और 04 कोटवारों सहित स्थानीय जनसामान्य के बल को भी लगाया गया। इसके अतिरिक्त, पीथमपुर चौपाटी पर डायवर्शन व्यवस्था संभालने के लिए थाना किशनगंज और महू ट्रैफिक का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर एसडीओपी महू, थाना प्रभारी किशनगंज और थाना प्रभारी मानपुर खुद मौजूद रहकर लगातार एनएचएआई के डीजीएम और टोल मैनेजमेंट से समन्वय स्थापित करते नजर आए।

# कोर्ट में गवाही देने पर युवक को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

### आरोपी बोला- अब कहीं भी मिल जा, तुझे और तेरे दोस्त को खत्म कर दूंगा

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में अदालती गवाही से नाराज होकर एक युवक और उसके दोस्त को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित को फोन लगाकर कोर्ट में उसके भाई के खिलाफ गवाही देने पर आपत्ति जताई और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित की शिकायत पर रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

रावजी बाजार पुलिस के अनुसार,फरियादी करण पिता शेर सिंह सोलंकी निवासी गाड़ीअड्डा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। करण ने पुलिस को बताया कि वह अपने निजी काम में व्यस्त था, तभी उसके मोबाइल पर मोबाइल नंबर 7748905444 से एक अज्ञात कॉल आया। करण ने जैसे ही कॉल उठाया, तो सामने वाले ने अपना नाम अर्पित धीमान निवासी श्याम नगर बताया। आरोपी अर्पित ने फोन पर तैश में आते हुए सीधे करण से कहा कि मैं प्रतीक धीमान का भाई बोल रहा हूँ। तूने आज कोर्ट में जाकर मेरे भाई प्रतीक के खिलाफ झूठी-सच्ची गवाही क्यों दी है इतना कहकर आरोपी ने पहली बार में फोन काट दिया। पुलिस के मुताबिक, पहली बार फोन कटने के कुछ ही देर बाद आरोपी अर्पित धीमान ने दोबारा उसी मोबाइल नंबर से करण को कॉल किया और चिल्लाते हुए धमकी दी। आरोपी ने कड़क लहजे में पूछा कि चल बता, तूने आज कोर्ट के अंदर जज के सामने हमारे खिलाफ क्या-क्या बोला है इस पर फरियादी करण ने हिम्मत दिखाते हुए जवाब दिया किमैंने कोर्ट में वही बोला है जो सच था और जो मैंने बोला है, वह सब कोर्ट की कार्यवाही में लिखा जा चुका है। करण का यह जवाब सुनते ही आरोपी अर्पित आपा खो बैठा और उसने सीधे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अब तू इंदौर में मुझे कहीं भी मिल जा, अब मैं तुझे और तेरे दोस्त सौरभ वर्मा को जान से खत्म कर दूंगा।

## युवक ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के इदरिश नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय अनोज एंड्रयू निवासी इदरिश नगर के रूप में हुई है। अनोज ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, परिजनों के बयानों के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

## नशेड़ी ने अपनी ही बाइक फूंकी, वीडियो वायरल

**इन्दौर।** राजकुमार ब्रिज के नीचे स्थित वाइन शॉप के सामने कल रात एक नशेड़ी युवक ने अपनी ही मोटरसाइकिल में आग लगा दी। बीच सड़क पर धू-धू कर जलती बाइक को देख वहाँ मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, हालांकि कई लोग मूकदर्शक बनकर इसका तमाशा देखते रहे। कुछ ही पलों में बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने जली हुई बाइक को जब्त कर मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# दंपत्ति से मारपीट एसिड फेंकने व गोली मारने की धमकी

**इंदौर ।** गांधी नगर थाना इलाके में आपसी विवाद को लेकर एक दंपत्ति को डराने-धमकाने और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने न सिर्फ पीड़ित के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की की, बल्कि सरेराह एसिड फेंकने और गोली मारकर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गांधीनगर पुलिस के अनुसार, सिद्धार्थ नगर निवासी फरियादी विनीता गुर्जर पति पर्वत सिंह गुर्जर ने थाने पहुंचकर आरोपी ललिता सौदागार, पप्पू उर्फ विक्रम सौदागार, करण बंजारा और हर्ष सभी निवासी सिद्धार्थ नगर, गांधी नगर के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।फरियादी विनीता ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी क्षेत्र का रहने वाला करण बंजारा वहां से निकला और उन्हें गालियां देते हुए आगे बढ़ गया। इसके बाद आरोपी करण पास ही स्थित पवन की किराना दुकान पर पहुंचा, जहां फरियादी के पति पर्वत सिंह गुर्जर खड़े थे। आरोपी ने वहां पर्वत सिंह के साथ विवाद करते हुए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी बीच वहां दूसरा आरोपी पप्पू उर्फ विक्रम सौदागार भी आ गया और उसने भी पर्वत सिंह के साथ जमकर गाली-गलौज की।विवाद के बाद जब पीड़ित पर्वत सिंह गुर्जर बचकर अपने घर वापस आए, तो आरोपियों का हौसला और बढ़ गया। कुछ ही देर में आरोपी ललिता सौदागार और हर्ष बंजारा पीड़ित के घर के सामने आ धमके। दोनों ने घर के बाहर खड़े होकर दंपत्ति को गालियां देना शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपी करण बंजारा भी वहां दोबारा पहुंच गया। उसने दंपत्ति को डराते हुए सीधे तौर पर उन पर एसिड फेंकने की धमकी दी और कहा कि वह उन्हें गोली मार देगा।

# सिगरेट के पैसे मांगने पर किया चाकू से हमला

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम टोडीटोली में एक किराना दुकान के सामने सिगरेट के रुपयों के लेनदेन को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। दुकान संचालक द्वारा सिगरेट के पैसे मांगने पर आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि बीच-बचाव करने आए उसके काका पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उज्जैन निवासी मुख्य आरोपी सहित दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षिप्रा पुलिस के अनुसार, चाकूबाजी की यह वारदात ग्राम टोडीटोली में फरियादी सोहन सिंह पिता तूफान सिंह पवार की किराना दुकान के ठीक सामने घटित हुई। मामले में सोहन सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी नागेंद्र सिंह निवासी कोकलाखेड़ी, जिला उज्जैन और उसके साथी दिलीप सिंह के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। फरियादी सोहन ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसकी दुकान पर आए थे और सिगरेट ली थी, लेकिन जब सोहन ने सिगरेट के पैसे मांगे, तो दोनों आरोपी भड़क गए।पैसे देने की बात को लेकर दोनों आरोपियों ने सरेराह सोहन के साथ विवाद करना शुरू कर दिया और गालियां देने लगे। विवाद बढ़ते देख जब सोहन के काका भारत सिंह बीच-बचाव करने और भतीजे को बचाने के लिए आगे आए, तो आरोपियों ने तैश में आकर उन पर हमला बोल दिया। इस दौरान एक आरोपी ने अपनी जेब से धारदार चाकू निकाला और भारत सिंह पर वार कर दिया। चाकू उनके हिप्स पर लगा, जिससे गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा।चाकूबाजी होते ही आसपास के लोग और ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके की तरफ दौड़े। भीड़ को अपनी ओर आता देख दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 143900 | 144100 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 229500 | 231600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू



### हैरी केन के डबल ने इंग्लैंड को पहुंचाया अंतिम 16 में

# डीआर कॉन्गो को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराया

**न्यूयार्क।** कप्तान हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट मुकाबले में डीआर कॉन्गो को 2-1 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। मैच के शुरुआती सातवें मिनट में पिछड़ने के बावजूद इंग्लैंड ने शानदार वापसी की और अंततः जीत अपने नाम की। अब उसकी भिड़ंत छह जुलाई को मेक्सिको सिटी स्टेडियम में सह-मेजबान मेक्सिको से होगी।

डीआर कॉन्गो ने मुकाबले की धमाकेदार शुरुआत की। सातवें मिनट में ब्रायन सिपेंगा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल दागकर इंग्लैंड को शुरुआती झटका दिया। चांसेल मबेम्बा के हेडर के बाद बॉक्स के बाईं ओर पूरी तरह खाली खड़े सिपेंगा ने नीचा शॉट लगाकर गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

### पहले हाफ में बराबरी नहीं कर सका इंग्लैंड

गोल खाने के बाद इंग्लैंड ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। जूड बेलिंघम के दो शानदार हेडर को डीआर कॉन्गो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में नहीं जाने दिया। वहीं, मार्कस रैशफोर्ड के शॉट को आरोन वान-बिसाका ने गोललाइन से क्लियर कर दिया। पहले हाफ के आखिरी पलों में हैरी केन का वॉली शॉट भी म्पासी ने रोक दिया। दूसरी ओर, डीआर कॉन्गो के योआने विस्सा का प्रयास पोस्ट से टकरा गया और इंग्लैंड एक और गोल खाने से बच गया।

दूसरे हाफ में इंग्लैंड के मुख्य कोच थॉमस टुखेल के बदलाव असरदार साबित हुए। सब्स्टीट्यूट एंथनी गॉर्डन ने 75वें मिनट में शानदार क्रॉस दिया, जिस पर हैरी केन ने हेडर के जरिए बराबरी का गोल दाग दिया। इस गोल के बाद इंग्लैंड ने मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली और लगातार दबाव बनाता रहा।

### इंग्लैंड का अफ्रीकी टीमों के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने विश्व कप में अफ्रीकी टीमों के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड भी बरकरार रखा। वहीं, डीआर कॉन्गो ने अपने पहले विश्व कप नॉकआउट मुकाबले में बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन शुरुआती बढ़त को जीत में नहीं बदल सका।

### हैरी केन बने जीत के हीरो

86वें मिनट में हैरी केन ने एक बार फिर अपनी क्लास दिखाई। उन्होंने शानदार टर्न लेते हुए डिफेंडर को छकाया और नियर पोस्ट की ओर जोरदार शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। अंतिम मिनटों में डीआर कॉन्गो ने वापसी की कोशिश की, लेकिन इंग्लैंड की रक्षा पंक्ति ने कोई मौका नहीं दिया और टीम ने शानदार जीत दर्ज की।

## 'तू भागा क्यों नहीं', स्टम्प माइक में कैद हुई आवाज

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** दुनिया के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज बनने के बाद पहली पारी में ईशान किशन बिना खाता खोले आउट हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में अभिषेक शर्मा के साथ तालमेल में गड़बड़ के चलते उन्हें अपना विकेट गंवाना पड़ा। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों की बातचीत स्टम्प माइक में कैद हो गई। जिसमें ईशान ने अभिषेक से कहा कि 'मेरी कॉली थी तू भागा क्यों नहीं?'

### शून्य पर रन आउट हुए ईशान किशन

चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर संजू सैमसन के रूप में पहला विकेट गिरा। इस झटके से टीम इंडिया ठीक तरह से बाहर भी नहीं आई थी कि एक गेंद बाद ही ईशान किशन रन आउट हो गए।

मिड विकेट की दिशा में उन्होंने एक रन चुराने के लिए हल्के हाथ से शॉट खेला लेकिन गेंद तेजी से फील्डर के पास चली गई। इतने में ईशान आधी पिच पर आ चुके थे लेकिन नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े अभिषेक शर्मा ने उन्हें वापस भेज दिया। जितनी देर में किशन क्रीज में दोबारा पहुंचते विकेटकीपर जोस बटलर ने उन्हें रन आउट कर दिया।

### अभिषेक और ईशान के बीच बातचीत

अंपायर की ओर से थर्ड अंपायर की मदद ली गई। इस दौरान दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से बातचीत करते हुए नजर आए। ईशान किशन बोले 'तू भागा क्यों नहीं मेरी कॉल थी ना'। अभिषेक शर्मा ने इसके जवाब में कहा, 'क्या कर रहा है यार बॉल टू पास होने देता, क्या लग रहा है आउट है या नॉटआउट'? फिर ईशान ने कहा, 'क्लोज लग रहा है'। इसके बाद रीप्ले में देखा गया कि किशन क्रीज से काफी पीछे रह गए थे।

## अमेरिका ने बोस्निया और हर्जेगोविना पर 2-0 से जीत हासिल कर राउंड 16 में जगह पक्की की

**सांता क्लारा।** फ्लो बालोगुन के शानदार प्रदर्शन और मलिक टिलमैन के 82वें मिनट में किए गए गोल की मदद से अमेरिका ने गुरुवार को फीफा विश्व कप के राउंड ऑफ 16 मैच में बोस्निया और हर्जेगोविना पर 2-0 से जीत हासिल कर राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली।

फ्लो बालोगुन ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, विपक्षी टीम के बॉक्स के अंदर कई बार गेंद को छूते हुए खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और अपने पहले ही विश्व कप में तीसरा गोल किया, लेकिन एक खतरनाक टैकल के बाद उन्हें रेड कार्ड दिखाया गया। इस जीत के साथ, टीम ने बेल्जियम के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। मैच की शुरुआत में बोस्निया ने एक कॉर्नर हासिल किया, लेकिन इस मौके का फायदा नहीं उठा सका। अमेरिका ने क्रिस्टियन पुलिसिक और फ्लो बालोगुन की बदौलत शुरुआती कुछ मौके बनाए।

आठवें मिनट में बोस्निया का प्रयास विफल रहा। 31वें मिनट में बालोगुन के एक गोल को ऑफसाइड करार देकर रद्द कर दिया गया।

45वें मिनट में, बालोगुन के लिए दर्शक जोश से भर उठे। मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए, बालोगुन को आखिरकार उनकी मेहनत का फल मिला। सर्जिनो डेस्ट से गेंद मिलने के बाद, जो मुहारेमोविक से टकराई, उन्होंने बिना समय गंवाए



गोलकीपर निकोला वासिलज को पछाड़ते हुए गोल दाग दिया। इसके साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपने पहले ही मैच में तीसरा गोल किया और विश्व कप में तीन गोल करने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी बन गए।

कुछ ही देर बाद, बलोगुन का एक और शॉट गोलपोस्ट से टकराया और स्कोर 1-0 से अमेरिका के पक्ष में हो गया। 62 प्रतिशत से अधिक बॉल पोज़ेशन, पांच शॉट और विपक्षी बॉक्स में 19 टच के साथ, अमेरिका अपनी तेज़ खेल शैली और बोस्निया के डिफेंस में लगातार सेंध लगाने की क्षमता से हावी था। इनमें से 14 टच बलोगुन ने खुद किए।

ब्रेक के बाद, बोस्निया ने तीन खिलाड़ियों को बदला, जिनमें से एक डेज़ेको दबाव बनाने की कोशिश करते समय नीचे गिर गया और उसने अपनी जांघ की मांसपेशी पकड़ ली।

दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में बोस्निया को कुछ देर के लिए गेंद पर कब्ज़ा मिला, लेकिन 40 गज की दूरी से कैटिक का प्रयास व्यर्थ साबित हुआ। 61वें मिनट में बालोगुन और मुहारेमोविच के बीच तीखी झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप बोस्नियाई खिलाड़ी के टखने पर चोट लगी और वह गिर पड़े। अमेरिकी हीरो को इस आक्रामक खेल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया और उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया गया, जबकि मुहारेमोविच तुरंत उठ खड़े हुए। 82वें मिनट में मलिक टिलमैन ने अमेरिका के खाते में एक और गोल जोड़ दिया और अंतिम सीटी बजने तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### अलफा वारीयर एवं पॉवर चार्जेस अगले दौर में

## एमपीएल स्टार खिलाड़ी सारांश सुराना एवं हर्ष फतेहपुरिया मेन ऑफ द मैच

**इंदौर।** अभय प्रशाल स्पोर्ट्स क्लब, इंदौर द्वारा आयोजित ए.पी.एस.सी. क्रिकेट लीग सीजन 5 के प्रारंभिक लीग मुकाबलों में अलफा वारीयर ने दी राईसींग को एवं पॉवर चार्जेस ने तूफानी स्ट्राइकर्स को हराया।

अलफा वारीयर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 7 ओवर में 184 रन 2 विकेट के नुकसान पर बनाये जिसके जवाब में दी राईसींग 81 रन ही बना सकी। अलफा वरीयर ने यह मुकाबला 103 रनो से जीत लिया। इस मेच के मेन ऑफ दी मेच एमपीएल के स्टार खिलाडी अलफा वारीयर सारांश सुराना रहे जिन्होने 113 रन मात्र 26 गेंदो में बनाये।

दुसरा मुकाबला पॉवर चोर्जेस और तूफानी स्ट्राईकर्स के बिच खेला गया जिसमें तूफानी स्ट्राईकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 79 रन 4 विकेट के नुकसान पर बनाये जिसके जवाब में पॉवर चार्जेस ने 5 ओवर में ही 84 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाकर मेंच जीत लिया। मेन ऑफ दी मेच पावर चार्जेस के हर्ष फतेहपुरिया रहें। स्पर्धा के अन्य मेचों में सुपर स्ट्राइकर्स और लोटस लॉयन, वकील इलेवन और एपीएससी धुरंधर, दी राईसींग और तूफानी स्ट्राईकर्स, सुपर नोवा और गेम चेंजर, पीआरसी राईडर्स और इंदौरी धुरंधर एवं माईक्रोमिट्टी वारियर्स और बाउंड्री एमर्स टीमो मुकाबल देर रात तक जारी रहें। स्पर्धा शुभारंभ अभय प्रशाल क्लब के चैयरमेन विनय छजलानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में क्लब के अन्य ट्रस्टीगण सुनिता छजलानी, जयेश आचार्य, नीलेश वेद, रिंकु आचार्य के साथ ही अनिल रांका, मनीष जैन तथा अर्पित जैन उपस्थित रहें। अतिथियो का स्वागत अनिल राखेचा, हेमेन्द्र जैन, अखिलेश जैन, अर्चित शाह, दीपेश जैन, मनोज राठौर, मेघ शाह, संतोष दीक्षित, शैलेश जैन, विकास धाकड़, विवेक गंगवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव मेहता एवं आभार प्रतिक जैन ने माना।



# कप्तान श्रेयस अय्यर का सबसे सुस्त अर्धशतक

**चेस्टर ली स्ट्रीट ।** श्रेयस अय्यर की भारतीय टी20 टीम के कप्तान के रूप में शुरुआत अच्छी नहीं रही है। करीब ढाई साल तक टी20 इंटरनेशनल टीम से बाहर रहने के बाद उनकी वापसी सीधे कप्तान के रूप में हुई है। वो भी टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान को रिप्लेस कर उन्हें ये जिम्मेदारी मिली है। मगर आयरलैंड दौरे पर उनकी पहली ही सीरीज शर्मनाक हार के साथ खत्म हुई और खुद वो अपने बल्ले से कुछ नहीं कर सके। मगर इंग्लैंड के खिलाफ नई सीरीज के पहले ही मैच में अय्यर ने बतौर कप्तान अपना पहला अर्धशतक जमा दिया। हालांकि ये उनके करियर की सबसे धीमी फिफ्टी साबित हुई।

चेस्टर-ले-स्ट्रीट में बुधवार 1 जुलाई को खेले गए 5 टी20 मैच की सीरीज के इस पहले मैच में टीम इंडिया ने बैटिंग से शुरुआत की। भारतीय टीम ने सिर्फ 6 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे, जब दूसरे ओवर में ही संजू सैमसन और ईशान किशन आउट हो गए। ऐसे में अभिषेक शर्मा के साथ क्रीज पर एंट्री हुई कप्तान अय्यर की, जिन पर कई वजहों से हर किसी की पैनी नजरें थीं और उनकी सफलता-विफलता को लेकर एक तरह की बेचैनी सी थी।

### करियर की सबसे धीमी फिफ्टी

आयरलैंड के खिलाफ अय्यर के स्कोर 3 और 10 रन के थे। इस बार उन्हें एक लंबी पारी खेलने की जरूरत थी और यही भारतीय कप्तान ने किया। वो तीसरे ओवर से 18वें ओवर तक क्रीज पर डटे रहे। इस दौरान शुरुआत में अभिषेक शर्मा और अंत में शिवम दुबे ने तेज बैटिंग का मोर्चा संभाला। मगर अय्यर ने भी स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। एक बार सेट होने के बाद अय्यर ने भी कुछ बड़े शॉट लगाए और आखिरकार 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो इस फॉर्मेट में उनका 9वां था।



भारतीय कप्तान के रूप में ये अय्यर का पहला ही अर्धशतक था लेकिन उनके टी20 इंटरनेशनल करियर की सबसे सुस्त और धीमी फिफ्टी भी यही साबित हुई। इससे पहले उन्होंने दो बार 36-36 गेंदों में अर्धशतक लगाए थे लेकिन इस मैच में उन्होंने इसे भी पीछे छोड़ दिया। अर्धशतक के बाद उन्होंने थोड़ी रफ्तार बढ़ाई और अगली 8 गेंदों में 18 रन जोड़े। आखिरकार 47 गेंदों में 68 रन की पारी खेलकर अय्यर आउट हुए। उन्होंने 6 चौके और 1 छक्का जमाया।

### बारिश के कारण रद्द हुआ मैच

अय्यर ने इस दौरान अभिषेक के साथ 82 रन और दुबे के साथ 41 रन की साझेदारी की। अभिषेक 24 गेंदों में 59 और दुबे ने 21 गेंदों में 42 रन बनाए। इन पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 189 रन बनाए। हालांकि, ये मैच सिर्फ खिलाड़ियों के रिकॉर्ड में इजाफा करने वाला साबित हुआ क्योंकि इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले तेज बारिश होने लगी, जो फिर जारी रही और मैच रद्द हो गया।

## प्रज्ञानंद ने कीमर को हराया

**नई दिल्ली।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने ग्रैंड चेस टूर के जाग्रेब चरण की शानदार शुरुआत करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मनी के विन्सेंट कीमर को एकतरफा अंदाज में हराया। वहीं, विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में हार झेलने के बाद दूसरे मुकाबले में मेजबान क्रोएशिया के इवान सारिक को हराकर जीत की राह पर वापसी की। हाल ही में नॉर्वे चेस क्लासिक का खिताब जीतने वाले प्रज्ञानंद ने कीमर के खिलाफ बेहद आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआत से ही विरोधी के राजा पर लगातार दबाव बनाया और महज 26 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। शतरंज विशेषज्ञ इस मुकाबले को भविष्य में एक बेहतरीन आक्रामक खेल के उदाहरण के रूप में देख सकते हैं। इसके बाद दिन के दूसरे मुकाबले में प्रज्ञानंद ने फ्रांस के मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। वाशिए-लाग्रेव ने पहले दौर में विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराया था।



# मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी एकेडमी की संभागीय प्रतिभा चयन ट्रायल्स आयोजित

**इंदौर ।** मध्यप्रदेश खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी एकेडमी ग्वालियर वर्ष 2026-2027 के लिए चयन ट्रायल्स ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर चिमनबाग मैदान पर मध्यप्रदेश राज्य महिल हॉकी एकेडमी की सहायक कोच आकांक्षा परमार ने चयन ट्रायल्स संपन्न करवाई। चयन ट्रायल्स मे इंदौर संभाग के अलावा उज्जैन, देवास के भी खिलाड़ियों ने भी ट्रायल्स मे भाग लिया । चयन ट्रायल्स मे 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के 120 से अधिक महिला खिलाडियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक कोच आकांक्षा परमार ने खिलाडियों को खेल के साथ फिटनेस व डायट की भी जानकारी दी और कहा कि प्रतिभा चयन ट्रायल्स से इंदौर की प्रियंका यादव का भारतीय जूनियर महिला टीम मे चयन हुआ इंदौर मे कई प्रतिभाएं हैं । इस अवसर पर खेल व युवा कल्याण विभाग इंदौर की क्षेत्रीय अधिकारी रीना चौहान, अन्तरराष्ट्रीय हॉकी खिलाडी प्रियंका यादव, डा ए के दास, मो इस्माईल अंसारी, किशोर शुक्ला, मो याकुब अंसारी, नजमुदीन खुर्शीद, अतुल खुणे, नितिश गौड, मंजीत सिंह,गुलाम साबिर, अभिषेक यादव, राजपाल सिंह लकी, सुधीर तोपो देवास, मनीष सोलंकी धार, प्रीति भदोरिया उज्जैन, दीपक यादव, अजय गहलोत, आदि खिलाड़ीगड उपस्थित थे।



## जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे

**लंदन ।** सर्बियाई टेनिस दिग्गज नोवाक जोकोविच ने बुधवार रात विंबलडन के तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की करने के लिए ग्रीक स्टार स्टेफानोस त्सित्सिपास पर सीधे सेटों में जीत हासिल की।

जोकोविच, जो अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं और यूएस ओपन 2023 के बाद अपना पहला खिताब हासिल करना चाहते हैं, ने त्सित्सिपास को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 20वीं बार तीसरे दौर में जगह पक्की की। एटीपी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने त्सित्सिपास के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 13-2 कर लिया है।

# अंतिम समय में पेनल्टी पर गोल कर जीता बेल्जियम

## सेनेगल को 3-2 से हराया, मैच के बाद सेनेगल के प्रशंसक हुए नाराज



**नई दिल्ली ।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में बेल्जियम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में सेनेगल को 3-2 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। निर्धारित 90 मिनट तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। सेनेगल के लिए इस्माइला सार ने 51वें मिनट और हबीब डियारा ने 24वें मिनट में गोल दागे, जबकि बेल्जियम की ओर से रोमेलू लुकाकू ने 86वें मिनट में बराबरी दिलाई और यूरी टाईलेमांस ने 89वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबला अतिरिक्त समय तक पहुंचा, जहां 120इ5वें मिनट में यूरी टाईलेमांस ने पेनल्टी पर गोल करते हुए बेल्जियम को 3-2 की यादगार जीत दिला दी। इस जीत के साथ बेल्जियम ने टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

### सेनेगल ने बनाई शुरुआती बढ़त

फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में बेल्जियम और सेनेगल के बीच खेला गया मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। मैच की शुरुआत में सेनेगल ने शानदार खेल दिखाया और 24वें मिनट में हबीब डियारा के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में 51वें मिनट पर इस्माइला सार ने गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। लगातार दो गोल खाने के बाद बेल्जियम पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा था।

दो गोल से पिछड़ने के बावजूद बेल्जियम ने हार नहीं मानी और मैच के अंतिम मिनटों में शानदार वापसी की। 86वें मिनट में स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू ने गोल कर टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा। इसके बाद 89वें मिनट में यूरी टाईलेमांस ने शानदार फिनिश करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और मुकाबला अतिरिक्त समय में पहुंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमों ने कई आक्रामक प्रयास किए, लेकिन कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी। मुकाबला जब पेनल्टी शूटआउट की ओर बढ़ता नजर आ रहा था, तभी अतिरिक्त समय के 120इ5वें मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी मिल गई। यूरी टाईलेमांस ने दबाव में भी बेहतरीन शॉट लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया और बेल्जियम को 3-2 की रोमांचक जीत दिला दी।

### बेल्जियम ने राउंड ऑफ 16 में बनाई जगह

इस जीत के साथ बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं, दो गोल की बढ़त हासिल करने के बावजूद सेनेगल को हार का सामना करना पड़ा और उसका विश्व कप अभियान राउंड ऑफ 32 में ही समाप्त हो गया। बेल्जियम की जीत के सबसे बड़े नायक यूरी टाईलेमांस रहे, जिन्होंने दो गोल कर टीम को अगले दौर में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, रोमेलू लुकाकू का गोल भी टीम की वापसी का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

# आम से भरा मिनी ट्रक पलटा

## चालक की झपकी से हुआ हादसा, ड्राइवर-क्लीनर घायल



**इंदौर।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानपुर घाट क्षेत्र के यशवंत नगर के पास आज सुबह एक सड़क हादसा हो गया। महाराष्ट्र से इंदौर की ओर आम लेकर आ रहा एक मिनी ट्रक चालक को अचानक झपकी आने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस भीषण हादसे में मिनी ट्रक के चालक और क्लीनर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने घायलों को वाहन से निकालकर तत्काल अस्पताल भिजवाया।

मानपुर थाना पुलिस के अनुसार, यह सड़क हादसा आज सुबह करीब 6 बजे घटित हुआ। एक मिनी ट्रक महाराष्ट्र से आमों की बड़ी खेप लादकर इंदौर की फल मंडी की ओर आ रहा था। जैसे ही वाहन मानपुर घाट उतरकर यशवंत नगर के नजदीक पहुँचा, तभी अचानक तेज गति में होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क पर ही पलटी खा गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरे आम सड़क और आसपास के गड्ढों में बिखर गए।पुलिस अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए अपनी मौजूदगी में स्थानीय लोगों की मदद से कबाड़ बन चुके केबिन में फंसे चालक और क्लीनर को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों के शरीर पर काफी चोटें आई थीं, जिन्हें तत्काल पुलिस वाहनों की मदद से नजदीकी शासकीय अस्पताल भिजवाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

# केबल में लगी आग



**इंदौर( सिटी ब्लास्ट )।** मूसलाधार बारिश के बीच कल पाटनीपुरा स्थित नरसिंह की चाल में बिजली की केबल में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग पहुंचा और आग बुझाने के प्रयास किए।









# जानलेवा हमला करने वाले चार इनामी बदमाश गिरफ्तार

### नाली के विवाद में फ़रियादी पर चढ़ाई थी गाड़ी

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र के यशवंत नगर में पिछले दिनों हुए एक जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घटना के बाद से फरार चल रहे चार शातिर और इनामी आरोपियों को घेराबंदी कर धरदबोचा है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे।

थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे ने बताया कि गत 14 जून को यशवंत नगर निवासी पीड़ित संजय पिता मुरली पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंजाबी ढाबे के पास एबी रोड यशवंत नगर पर नाली के विवाद को लेकर उन पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़ित का आरोप था कि आरोपीगण मिथुन ठाकुर, भूपेंद्र उर्फ धनसिंह ठाकुर, जयंत उर्फ गणेश ठाकुर और वीरेंद्र उर्फ विरेन उर्फ भीमा ने तलवार और डंडों से उन पर बेरहमी से वार किए और जान से मारने की नीयत से उन पर कार चढ़ा दी थी। पुलिस ने शिकायत पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। घटना दिनांक से ही चारों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। इसी बीच बीती रात मानपुर पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम तैयार कर कैलौद फाटे, बड़गोंदा-खरगोन रोड पर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की गई और दबिश देकर चारों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई तलवार, डंडे और सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी-09 बीजी--9827 भी विधिवत जप्त कर ली है। पुलिस गिरफ्त में आए चारों आरोपियों की पहचान यशवंत नगर मानपुर निवासी मिथुन पिता सुभाष ठाकुर, भूपेंद्र उर्फ धनसिंह पिता राजेंद्र ठाकुर, जयंत उर्फ गणेश पिता राजेंद्र ठाकुर और वीरेंद्र उर्फ विरेन उर्फ भीमा पिता लाखन पटेल के रूप में हुई है। आरोपियों की संलिप्तता और अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात द्वारा इन चारों फरार आरोपियों पर 1000-1000 रुपये का नकद इनाम भी घोषित किया गया था।

# 3 किमी दौड़कर राऊ पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार के साथ आरोपी

# पिस्टल-कारतूस जब्त

**इंदौर।** शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ और शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राऊ थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए करीब 3 किलोमीटर तक पैदल दौड़ लगाकर एक शातिर बदमाश को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से मैगजीन में लोड दो जिंदा कारतूस और एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई है।



राऊ पुलिस के अनुसार, बुधवार को थाने की एक विशेष टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था और संदिग्धों की धरपकड़ के मद्देनजर सिलिकॉन सिटी इलाके में गश्त व चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान जब पुलिस टीम सिलिकॉन सिटी गेट के पास जैन मंदिर के पीछे स्थित एक खाली और सूने मैदान की तरफ पहुँची, तो वहाँ एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी और जवानों को अपनी ओर आता देख युवक सकपका गया और उसने बचने के लिए मैदान की तरफ ही तेजी से दौड़ लगा दी।संदेही को इस तरह भागता देख पुलिस जवानों ने भी तत्परता दिखाई और बिना वक्त गंवाए उसके पीछे दौड़ पड़े। पुलिस टीम और आरोपी के बीच मैदान में काफी दूर तक दौड़ चलती रही। आखिरकार करीब 3 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद हांफ रहे आरोपी को जवानों ने चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। पुलिस टीम उसे पकड़कर तुरंत थाने लेकर आई, जहाँ पूछताछ में उसने अपना नाम अजय पिता भगत भावर, निवासी रंगवासा, राऊ बताया। जब आरोपी अजय की तलाशी ली गई, तो उसकी कमर से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने जब पिस्टल की जांच की, तो उसकी मैगजीन के अंदर दो जिंदा कारतूस लोड मिले, जिससे किसी बड़ी वारदात की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।इस चुनौतीपूर्ण, त्वरित और साहसिक कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर, उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव, आरक्षक नारायण यदुवंशी, कमलेश चोरे, दिलीप और रमन की मुख्य भूमिका रही।

# थार से ड्रग्स की तस्करी, क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर चार तस्करों को दबोचा

### *सवा दो लाख की एमडी ड्रग्स जब्त, पकड़े गए आरोपियों में इवेंट मैनेजर और ग्राफिक डिजाइनर शामिल*

**इंदौर।** शहर में नशे के काले कारोबार और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ब्लैक एंड व्हाइट रंग की लग्जरी महिंद्रा थार गाड़ी को रोककर उसमें सवार चार शातिर तस्करों को भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स के साथ दबोच लिया। पकड़े गए तस्करों में पढ़े-लिखे पेशेवर युवा भी शामिल हैं, जो इंदौर में ड्रग्स का नेटवर्क फैला रहे थे।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी (क्राइम ब्रांच) के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि कुछ युवक एक थार गाड़ी में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर उसे शहर के रईस इलाकों और युवाओं के बीच खपाने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने दस्तूर डिलाइट गार्डन के पीछे, स्कीम नंबर-134 क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध थार गाड़ी को चारों तरफ से घेरकर रोक लिया।पुलिस टीम ने जब थार वाहन (क्रमांक एमपी 09 एएम-0110) की विधिवत और बारीकी से तलाशी ली, तो गाड़ी के भीतर से 23.73 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस जप्त ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से सवा दो लाख की ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त करीब 19 लाख रुपये कीमत की महिंद्रा थार गाड़ी सहित कुल 21 लाख 30 हजार रुपये का मशरूका ज़ब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ड्रग्स रखने या उसके परिवहन से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सके।पुलिस की गिरफ्त में आए चारों आरोपी इंदौर के ही रहने वाले हैं और समाज के अलग-अलग कामकाजी वर्गों से जुड़े हैं। पुलिस ने थार गाड़ी से खिजराबाद जम-जम कॉलोनी निवासी फरहान शेख को पकड़ा है जो लेडीज सूट की दुकान चलाता है। उसके साथ गाड़ी में जूना रिसाला निवासी अतीक उर्फ तोफिक खान उर्फ मोहम्मद तौकीद भी मौजूद था जो इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। पुलिस ने इसी क्षेत्र के जूना रिसाला बड़वाली चौकी निवासी अमान उर्फ फैजान खान को भी दबोचा है जो टायर रिमोल्डिंग का कार्य करता है, तथा चौथा आरोपी जूना रिसाला का ही रहने वाला फरहान खान है जो ग्राफिक्स डिजाइन और फ्लेक्स बोर्ड बनाने का काम करता है। ये चारों मिलकर लग्जरी गाड़ी की आड़ में इस काले कारोबार को अंजाम दे रहे थे।क्राइम ब्रांच पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों का कोर्ट से रिमांड लेकर उनसे कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह कीमती नशीला पदार्थ कहाँ से लेकर आए थे, इंदौर के पब और पार्टी कल्चर में उनका नेटवर्क कहाँ-कहाँ फैला है और इस अवैध धंधे में शामिल मुख्य सप्लायर और खरीददार कौन-कौन हैं। जल्द ही इस मामले में कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।